राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ सुर्ख लाल साड़ी पहन शिवांगी जोशी...



यूपी में 27,764 प्राइमरी और जूनियर... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 05 नवंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 243, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## आगरा में क्रैश हुआ वायुसेना का विमान, पायलट समेत दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

ममदूद वारसी
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आगरा।** वायुसेना का एक विमान आगरा के सोनिगा गांव के पास क्रैश हो गया है। इस विमान में पायलट समेत दो लोग मौजूद थे। वायुसेना

**हादसा**





का यह विमान क्रैश होकर खाली खेतों में गिरा। जमीन पर गिरते ही इसमें भयंकर आग लग गई। विमान में मौजूद दो लोगों ने कूदकर जान बचा ली है। इस घटना में कोई जान.माल की हानि नहीं हुई है।वायुसेना के इस विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए है। यह विमान मिग.29 लड़ाकू विमान था। दुर्घटना से दोनों लोग जो विमान में मौजूद थे, बच गए हैं। उन्होंने खेत में कूदकर अपनी जान बचा ली है। याद रहे कि यह पहली बार नहीं है कि मिग.29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। दो सितंबर को राजस्थान के बाड़मेर में एक मिग.29 फाइटर जेट तकनीकी खराबी की वजह से क्रैश हो गया था। लेकिन, इस दुर्घटना से पहले ही पायलट सुरक्षित रुप से बाहर निकलने में सफल रहा था। वहीं बाड़मेर सेक्टर में वायुसेना के अड्डे से प्रशिक्षण पर निकले फाइटर जेट में खराबी आ गई थी। जिसके बाद वह बाड़मेर के उत्तरलाई के नजदीक एक खेत में क्रैश हो गया था। गनीमत यह रही कि यह इलाका आबादी से दूर था। जिसकी वजह से जान.माल की क्षति नहीं हुई।

## उत्तराखंड में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 22 की मौत

**अल्मोड़ा (आरएनएस)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां सल्ट तहसील के मारचूला स्थित कूपी गांव के पास बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। बस में कुल 40 यात्री सवार थे। पुलिस प्रशासन ने रेस्क्यू का काम तेज कर दिया है।



जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह रामनगर से एक बस रानीखेत की ओर को जा रही थी। बस में 40 यात्री सवार थे। सल्ट के कूपी के पास चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते बस गहरी खाई में समा गई। बस के गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

हादसे के वक्त कुछ यात्री बाहर गिर पड़े। जख्मी यात्रियों ने सुबह करीब 9 बजे कंट्रोल रूम को सूचना दी। आपदा प्रबंधन अधिजारी विनीत पाल ने बताता की सल्ट और रानीखेत से टीमों को घटनास्थल भेजा गया है। जिस जगह यह हादसा हुआ है वह पौड़ी-अल्मोड़ा सीमा के नजदीक है। यह जगह रामनगर के नजदीक है। इस संबंध में डीसी आलोक कुमार पांडे ने बताया कि एंबुलेंस भेज दी गयी है। एसडीएम व पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए हैं। राहत बचाव का तेजी से किया जा रहा है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जाहिर करते हुए कहा, 'जनपद अल्मोड़ा के माचुर्ला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन को तेजी से साथ राहत और बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। घटना स्थल पर स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें घायलों को निकालकर उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने हेतु तेजी से कार्य कर रही हैं। आवश्यकता पडने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।इ



## नहाय खाय से शुरू हो रहा है छठ पूजा का पहला दिन, उषा अर्घ्य, पारण के साथ 8 नवम्बर को होगी समाप्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दीपावली के बाद पडने वाले महापर्व छठ पूजा का प्रारंभ कल 5 नवम्बर से होने वाला है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का श्रद्धालु बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। छठ पूजा का यह त्यौहार भगवान सूर्य देव और छठी मईया को समर्पित है। इस दिन महिलाएं जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती हैं और अपनी संतान, परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना करती हैं। छठ पूजा के पावन अवसर पर भगवान सूर्य की आराधना करने से समृद्धि एवं प्रगति की प्राप्ति होती है और मनुष्य का कल्याण होता है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, डाला छठ, छठ पर्व, डाला पूजा आदि नामों से जाना जाता है।

आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को इस बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि छठ पूजा प्रारम्भ कब से होने जा रहा है और इस पर्व की समाप्ति कब होगी।

छठ पूजा 2024 कैलेंडर

छठ पूजा पहला दिन- नहाय खाय- 5 नवंबर 2024

छठ पूजा दूसरा दिन- खरना- 6 नवंबर 2024

छठ पूजा तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य- 7 नवंबर 2024

छठ पूजा चौथा दिन- उषा अर्घ्य, पारण- 8 नवंबर 2024

छठ पूजा का पहला दिन- नहाय खाय

महापर्व छठ पूजा का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है। इस दिन व्रती महिलाएंभोर में उठकर स्नान आदि कर नए वस्त्र पहल सूर्य देव को जल अर्पित करती हैं। इसके बाद सात्विक आहार ग्रहण कर अपने व्रत को शुरू करती हैं। नहाय खाय के दिन कद्दू की सब्जी, लौकी चने की दाल और भात यानी चावल खाया जाता है। नहाया खाय का भोजन बिना लहसुन और प्याज के सात्विक तरीके से तैयार किया जाता है। व्रती के खाने के बाद ही परिवार के अन्य लोग नहाय खाय का खाना खा सकते हैं। नहाय खाय के दिन यानी 5 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 36 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 33 पर।

**छठ पूजा का दूसरा दिन- खरना**

छठ पूजा के दूसरे दिन आता है खरना। इस दिन व्रती महिलाएं पूरा दिन व्रत करती हैं और फिर रात के समय खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद से ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। छठ व्रत का पारण उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही खोला जाता है। वहीं बता दें कि खरना के दिन गुड़, चावल और दूध की खीर बनाई जाती है। इस दिन व्रत रखने वाली महिला या पुरुष को नमक का सेवन नहीं करना होता है। खरना के दिन यानी 6 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 37 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 पर।

## न्यूज डायरी

### पत्नी के सामने बोल दिया अंकल, दोस्तों संग मिलकर ग्राहक ने दुकानदार को बुरी तरह पीटा

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के भोपाल में एक मामला सामने आया है जहां एक दुकानदार को सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने एक ग्राहक को उसकी पत्नी के सामने अंकल कह दिया। यह घटना शहर के जाटखेड़ी इलाके में हुई। पीड़ित



दुकानदार विशाल शास्त्री ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शास्त्री के अनुसार, शनिवार को रोहित नाम का एक ग्राहक अपनी पत्नी के साथ साड़ी खरीदने आया था। जब विशाल ने रोहित से 1000 रुपये के बजट में साडियां दिखाने की बात कही तो रोहित ने आपत्ति जताई और विशाल को अंकल कहने पर फटकार लगाई। इसके बाद रोहित अपनी पत्नी के साथ दुकान से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद कुछ लोगों के साथ वापस लौटा और विशाल को सड़क पर खींचकर बुरी तरह पीटा। पिटाई में विशाल को चोटें आईं। पुलिस ने रोहित और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि विशाल को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पठानकोट के बामियाल सेक्टर में खेत में मिला ड्रोन, बीएसएफ ने की सर्च ऑपरेशन की शुरूआत

**पठानकोट (आरएनएस)।** पठानकोट के सीमावर्ती क्षेत्र बामियाल सेक्टर के अख्वाड़ा गांव में एक किसान के खेत में संदिग्ध ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। यह ड्रोन भारत-पाक सीमा से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर गांव के एक व्यक्ति को गन्ने के खेत में पड़ा हुआ दिखाई दिया। गांववासियों ने



तुरंत इसकी सूचना सीमा सुरक्षा बल के जवानों को दी, जिसके बाद बीएसएफ ने इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। बीएसएफ की टीम ने आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली, लेकिन अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। ड्रोन के मिलने से सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है, और सुरक्षा बलों ने निगरानी और सख्त कर दी है। बीएसएफ द्वारा यह जांच की जा रही है कि ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से किसी प्रकार की अवैध गतिविधि को अंजाम देने की कोशिश तो नहीं की गई है।

### झारखंड के सरायकेला में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**सरायकेला (आरएनएस)।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में काला पत्थर गांव के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक ट्रेलर और 407 के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक जिंदा जल गया और 407 के चालक और कंडक्टर की भी मौत हो गई। इसके अलावा हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल किसी भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति इतनी तेज थी कि टक्कर होते ही ट्रेलर में आग लग गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है ताकि उनके परिवार को सूचना दी जा सके। हादसे के बाद सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : बागी नेता मुख्तार शेख ने एमवीए को दिया समर्थन

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जहां महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सत्ता में आने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, वहीं महायुति भी सत्ता में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इन सबके बीच, बागी उम्मीदवारों ने दोनों गठबंधनों की चिंता बढ़ा दी है।



राजनीतिक हलकों में इस समय बागी उम्मीदवारों की चर्चा जोरों पर है। ये उम्मीदवार दोनों प्रमुख गठबंधनों के लिए एक नई चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में महाविकास अघाड़ी के लिए सोमवार को एक अहम खबर सामने आई है।

पुणे में कस्बा विधानसभा क्षेत्र से बागी कांग्रेस नेता मुख्तार शेख ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन वापस लेते हुए एमवीए के आधिकारिक उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर का समर्थन करने का फैसला लिया है। मुख्तार शेख के इस कदम से महाविकास अघाड़ी को न केवल एक मजबूत उम्मीदवार का समर्थन मिला है, बल्कि उन्हें मुख्तार शेख के समर्थकों का भी समर्थन मिलेगा। बता दें कि महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के लिए 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : पुलिस ने झूठी धमकी संदेशों के पीछे के असली चेहरे किए बेनकाब

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद फैली दहशत में नई कडियाँ जुड़ती जा रही हैं। व्हाट्सएप पर आए धमकी भरे संदेशों ने पुलिस को सतर्क कर दिया। इन संदेशों में न केवल सलमान खान, बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक को धमकियाँ दी गई थीं, और इनका उद्देश्य साफ था - दहशत का माहौल बनाना।

**धमकी संदेशों का सुराग**

पुलिस के मुताबिक, ये सभी धमकी संदेश एक सार्वजनिक व्हाट्सएप नंबर पर भेजे गए थे, जो आमतौर पर जनता की समस्याएँ सुनने के लिए ट्रैफिक पुलिस के पास मौजूद होता है। पुलिस ने जब इन संदेशों की जाँच की, तो पाया कि ये धमकियाँ झूठी थीं, पर इनका उद्देश्य महज डर फैलाना था। धमकियाँ देने वालों ने सलमान खान को चेतावनी दी थी कि अगर वे धन नहीं देंगे, तो उनका भी हश्र बाबा सिद्दीकी जैसा होगा।

**पहला मामला**

2 नवंबर को एक संदेश में धमकी दी गई कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा देना चाहिए, वरना उन्हें भी बाबा सिद्दीकी जैसी ही सजा भुगतनी पड़ेगी। वर्ली पुलिस की जांच में पाया गया कि ये संदेश उल्हासनगर की एक महिला द्वारा भेजा गया था, जो मानसिक रूप से अस्थिर बताई जा रही है। महिला को वर्ली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया ताकि उसके मानसिक स्वास्थ्य और मंशा की पूरी जांच हो सके।

**दूसरा मामला**

29 अक्टूबर को एक संदेश में जीशान सिद्दीकी और सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी गई थी और 2 करोड़ रुपये की माँग की गई थी। वर्ली पुलिस की तफ्तीश से पता चला कि यह संदेश बांद्रा के 56 वर्षीय बेरोजगार व्यक्ति अजर मोहम्मद मुस्तफा द्वारा



भेजा गया था। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी ने उसे इस अपराध की ओर धकेला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि उसने पैसे की लालच में ये धमकियाँ भेजीं थीं।

**तीसरा मामला**

17 अक्टूबर को एक अन्य संदेश में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की माँग की गई और धमकी दी गई कि भुगतान न करने पर उनकी भी हत्या कर दी जाएगी। पुलिस ने झारखंड के जमशेदपुर निवासी 24 वर्षीय सब्जी विक्रेता शेख हुसैन को गिरफ्तार किया, जिसने पैसे की लालच में यह कदम उठाया था।

**साजिश और पकड़ का जाल**

इन धमकी संदेशों के जरिए दहशत का माहौल बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इस साजिश पर पानी फेर दिया। हर आरोपी का उद्देश्य अलग था, लेकिन इनकी हरकतों ने एक बार फिर से कानून व्यवस्था की चुनौती को उजागर किया।

**राजनीति** | भाजपा और कांग्रेस एवं इनकी सरकारें आरोप-प्रत्यारोप तथा महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर फिर से रेवड़ी व वादों की घोषणाओं में व्यस्त हैं

## मायावती का भाजपा व कांग्रेस पर निशाना, कहा-चुनाव में मिथ्या प्रचार और वादों की भरमार

**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर निशाना साधा और कहा कि चुनाव में मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है।

बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में व्यापक स्तर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, साफ पानी एवं कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों के अभाव से करोड़ों लोगों का जीवन त्रस्त है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस एवं इनकी सरकारें आरोप-प्रत्यारोप तथा महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर फिर से रेवड़ी व वादों की घोषणाओं में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय भाजपा व कांग्रेस ज्यादातर आरोप-प्रत्यारोप की नकारात्मक राजनीति में ही व्यस्त हैं तथा चुनाव में मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है। जबकि जनता देख रही है कि इनके द्वारा किए गए पिछले वादों का कितना बुरा



हाल हो रहा है। मायावती ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की, इन दोनों पार्टियों द्वारा जनता से किए गए वादे निभाए नहीं जा रहे हैं, क्योंकि इनके वादे होते ही हैं लोगों को गुमराह करने व सरकार बन जाने पर उन्हें भुला देने के लिए। यही कारण है कि खासकर हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें वादाखिलाफी का आरोप झेल रही हैं तथा यूपी सहित भाजपा की सरकारें जनहित व जनकल्याण के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जुगाड़ की राजनीति करती नजर आती हैं।

बसपा मुखिया ने कहा कि ये पार्टियां कर्म को धर्म नहीं मानकर धर्म के ही कार्यक्रमों में ज्यादा व्यस्त नजर आती हैं, ये जनहित व जनकल्याण से वादाखिलाफी नहीं, तो और क्या है? यही वह कारण है कि बसपा चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है, बल्कि करोड़ों गरीबों, मजलूमों व बेरोजगारों के प्रति ईमानदार कर्म को ही अपना संवैधानिक दायित्व व राजनीतिक धर्म मानकर कार्य करती है और सरकार बनने पर जनहित व जनकल्याण तथा पिछड़ेपन को दूर करने के ऐतिहासिक कार्य करके भी दिखती है। यूपी में अब तक चार बार रही बसपा की सरकार एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि बसपा सरकार ने सरकारी व गैर-सरकारी स्तर पर जितने रोजगार मुहैया कराए हैं, उतने रोजगार उसके बाद की सपा और भाजपा सरकार मिलकर भी अब तक दे पाई है। इसी प्रकार, कांग्रेस व भाजपा के पिछले अनुभवों के मद्देनजर देश की करोड़ों जनता द्वारा दोनों ही पार्टियों से यह पूछना स्वाभाविक है कि वे अपने वादों को क्यों नहीं निभाते ? इसके साथ ही खासकर महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा आम चुनाव दौरान लोगों की यह मांग भी शत प्रतिशत जायज है कि उन्हें रेवड़ी नहीं रोजगार चाहिए।

## संपूर्ण समाधान दिवसः एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं, 11 शिकायतो में से एक का मौके पर किया निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की एसडीएम ने फरियाद सुनकर किया समाधान एसडीएम ने कहा है कि समय रहते हुए शिकायतों का समय से निस्तारण करें सभी अधिकारी अन्यथा शिकायत मिलने पर करूंगा सख्त कार्रवाई। एसडीएम ने बताया है कि समाधान दिवस में आज 11 शिकायत मिली है जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया है। शेष सभी शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सौप कर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के एसडीएम ने कसे पेच एसडीएम बोले समस्या का समाधान समय से करें।

**लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के एसडीएम ने कसे पेच एसडीएम बोले समस्या का समाधान समय से करें**

इस मौके पर सीओ शिकारपुर विकास प्रताप चौहान, सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला की समीक्षा बैठक कर किया स्थलीय निरीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी)।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला वर्ष 2024 कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए जाने के लिए मेले में विभागों द्वारा कराए जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में तहसील अनूपशहर सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। अनूपशहर गंगा मेले को मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय मेला घोषित किया गया है इसलिए मेले को सुचिता के साथ संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका, सिंचाई, स्वास्थ्य, जल निगम, विद्युत, लो0नि0वि0, खाद्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा मेले में कराए जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली गई। ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखें इसके लिए सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। कस्बे में वृहद सफाई अभियान चलाकर सफाई कराए। गंगा रेती में






लगने वाले मेले में प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। गहरे पानी में श्रद्धालुओं को नहीं जाने दिया जाए। गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग कराये जाने के साथ ही नाव, गोताखोरों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मेला में भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए खोया पाया केंद्र, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था भी कराई जाए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे भी लगाया जाए। गंगा घाट पर बनाये जाने वाले अस्थाई चेंजिंग रूम को पूरी तरह से कवर्ड कराया जाए। मेले में पॉलिथीन का प्रयोग निषेध रहेगा इसलिए सभी दुकानदारों लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए अवगत कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि मेले में निर्धारित घाटों, स्थानों पर एम्बुलेंस के साथ ही स्वास्थ्य टीम की तैनाती की जाएगी। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान मेला क्षेत्र में शराब की दुकानों को बंद रखा जाए। खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि मेले में बिक्री किए जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की टीम लगाकर जांच की जाए। विद्युत विभाग को निश्चित किया गया कि मेले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के साथ ही विद्युत के जर्जर तारों की मरम्मत कर ली जाए। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, जेनरेटर की उपलब्धता रखे। प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाए जाने वाले खम्बो को सुरक्षित रूप से कवर कराया जाए। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़कों के मरम्मत कार्य को कराया लिया जाए। जिलाधिकारी महोदय ने लाभार्थी परक योजनाओं से सम्बंधित विभागों से कहा कि वह अपने अपने विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी मेले में कराये।

## अकबरपुर में शानदार महफिले में मुशायरा व पुस्तक विमोचन, किस कदर पाक है मासूम है रिश्ता माँ काः शकील सहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में साहित्यिक संस्था बज्मे खुलूस ओ अदब के तत्त्वधान में खुर्जा के प्रसिद्ध शायर, शायर अल जमील के प्रथम काव्य संकलन 'राहे सुखन' के विमोचन के अवसर पर शानदार महफिले मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज के और स्थानीय शायरों ने अपने कलाम सुन कर खूब वाह वाही लूटी। शनिवार की देर रात्रि नासिर बेग मोमिन के अहाते में राहे सुखन का विमोचन अलीगढ़ के उस्ताद शायर डॉक्टर इलियास नवेद गुन्नोरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इलियास नवेद ने की और संचालन खतौली से पधारे अमजद आतिश ने किया। उर्दू अकादमी यूपी के पूर्व सदस्य विशिष्ट अतिथिनदीम अख्तर ने शमा रोशन की। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत कलाम ए पाक से हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मकसूद जालिब ने नाते पाक से मुशायरे का आगाज किया। बज्मे



खुलूस ओ अदब की ओर से इस अवसर पर कई काव्य संकलनों के रचयिता डॉक्टर हुसैन अहमद आजम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और बुजुर्ग उस्ताद शायर डॉक्टर मुबीन रहबर को रहबरे अदब के खिताब से नवाजा गया।अलीगढ़ से पधारे उस्ताद शायर डॉक्टर इलियास नवेद गुन्नोरी को आबरू ऐ उर्दू अवार्ड से नवाजा।शायर अल जमील को पासबाने गजल अवार्ड, सिकंदराबाद के उस्ताद शायर अमानुल्लाह खालिद को वकार ऐ अदब, इरशाद बेताब को नूरे अदब, अमजद आतिश को पासबाने अदब, ताहिर सऊद को आईना ऐ अदब और जुबैर शाद को फखरे सहाफत के खिताबों से नवाजा गया।

मुशायरे में पसंद किये गए शायरों का संक्षिप्त कलाम पाठकों की सेवा में प्रस्तुत है। शकील सहर एटवी ने माँ पर कविता पाठ कर भाव विभोर कर दिया-

किस कदर पाक है मासूम है रिश्ता माँ का,
ऐसे रिश्ते को निभाने में मजा आता है। डॉ इलियास नवेद गुन्नौरी ने यूँ पढ़ा कि-
जबाँ का कत्ल है वाजिब, दहन के मकतल में,
हमारी खामशी, उम्रे तवील चाहती है।

अलीगढ़ से ही पधारे बाबर इलियास ने पढ़ा कि
निगाह भर के बस इक बार उस को देखा था,
फिर उसके बाद नजर सारे मंजरों से गई। आयोजक ऐंन मीम कौसर ने पढ़ा कि
ऐ मेरी दीवानगी देदे मेरे घर का पता,
दस्तकें देते हुए हाथों में छाले हो गए। डॉ हुसैन अहमद आजम ने कहा कि
वो ही बताएगा, सावन में घर जले कैसे,
जो गीली लकड़ी जलाने के फन में माहिर है।
"राहे सुखन" के रचियता शायर अल जमील ने पढ़ा कि शायर सजाऊँ कैसे तबस्सुम लबों पे मैं ,
है कायनाते रूह का मंजर लहू लुहान। संयोजक मकसूद जालिब ने पढ़ा कि किसी गरीब की जो बद दुआ से बच जाता,
यकीन है वो अजाबे खुदा से बच जाता ।
संचालक अमजद आतिश ने पढ़ा कि मुझे तो सिर्फ तुम्हारी रजा से मतलब है,
तुम्हारे मेरे कोई दरमियान है, होगा ।
स्वागत समिति के अध्यक्ष मोमिन अकबरपुरी ने ये शेर पढ़ कर महफिल में रंग जमा दिया -
आँसुओं तुम हो किस काम के,
जाने वाले को रोका नहीं।
किरण प्रभा ने पढ़ा कि
जो इक बार मुझसे कहो तो सही तुम,
कसम से तुम्हारा नगर छोड़ दूँगी। अमान उल्लाह खालिद ने यूँ पढ़ा कि
इल्जाम न आ जाए परसतिश का बुतों की ,
यूँ हम ने तराशे हैं खुदा और तरह के। फहीम कमालपुरी ने पढ़ा कि दोस्तो मेरी उन से इस लिए नहीं बनती,
प्यार के वो दुश्मन हैं, मुझको प्यार प्यारा है। ताहिर सऊद, किरतपुरी ने पढ़ा कि ऐसे इक साँप से इस बार पड़ा है पाला,
आस्तीं मिल न सकी उसको तो दिल ढूँढ लिया।

इरशाद बेताब एडवोकेट ने पढ़ा कि फूल खुश्बू रंग हिना,
सब बेकार हैं तेरे बिना। इरफान तालिब सिकंदराबादी ने पढ़ा-
हमारा मस'अला ये है संभलना ही नहीं आता
खताओं पर खताएँ कीं, नहीं सीखा खताओं से।वाहिद अनपढ़, स्यानावी ने ये संदेश दिया कि
राम भी, रहीम भी मिल जायेंगे,
धर्म की ऐनक हटा कर देखिये। डॉ असलम बुलंदशहरी कहते हैं कि
जहन्नुम में अपना वो घर ढूँढते हैं,
जो कम नापते हैं, जो कम तौलते हैं। लियाकत कमालपुरी कहते हैं कि हमारे डूबने का फकत सब अफसोस करते हैं,
बड़ी हैरत से देखें हम, सहारा कौन देता है। अनवर गज़ियाबादी ने पढ़ा कि सब भी बिक जाएं अगर घर के पुराने बर्तन ,
आप चिंता न करें जश्न मनाये जाएं।हनीफ आरजू ने पढ़ा कि साया ए दीवार के मोहताज हैं अहले खिरद,
हम जुनूँ परवर लगा लेते हैं बिस्तर धूप में। गुफरान राशिद ने कहा कि ले आये वो पत्थरों से पानी निचोड़ के,
जिन की समझ में आ गई दारो रसन की बात। डॉ शमीम राना ने पढ़ा कि
अब तो सर पे ही आ गया सूरज,
सर पे अब साएबान कौन करे। अशोक साहिब ने पढ़ा कि सजा कर रखी है बड़ों की निशानी,
लगाकर नये घर में चौखट पुरानी। मंसूर अदब पहासूवी ने कहा कि आसमानों से भी ऊँची ये जमीं लगती है,
जब भी सज्दे के लिए इस पे जबीं लगती है।
फरहाद स्यानवी ने अपना कलाम यूं पढ़ा कि पिया है जह्र मैंने ज़िंदगी की तलखियों का, यूँ
सभी साँपों, संपोलों को कुचलना जानता हूँ मैं।
इन के अतिरिक्त डॉक्टर रहबर बर्नी, अकरम गाज़ियाबादी ने भी अपना काव्य पाठ कर खूब तालियाँ बटोरीं। आखिर में व्यस्थापक नासिर बेग मोमिन अकबरपुरी ने समस्त शायरों, अतिथियों एंव श्रोताओं का आभार जताया तथा रात्रि भोज दिया।

इस अवसर पर जमाल अब्दुल नासिर, हाफि ज जाहिद अंसारी, आस मौहम्मद कुरैशी, तहाव्वुर खान, माज एडवोकेट, जावेद अंसारी, खालिद अंसारी, राशिद शेख एडवोकेट, मईनुद्दीन , अलताफ अंसारी,नफीस, रिजवान शाह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गौतमबुद्धनगर!** डीएम मनीष कुमार वर्मा जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने के उपरांत दयानतपुर जेवर पहुंचें, जहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज रोड़ कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह द्वारा दयानंदपुर में बनाई जा रहे इंटरचेंज रोड कार्यो कि वर्तमान तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने इंटरचेंज निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इंटरचेंज निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयानतपुर एयरपोर्ट बाउंड्री से लेकर यमुना एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज तक के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जय भगवान सिंह को इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड से किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** गांव अहमदगढ़ के दिव्यांग जय भगवान सिंह पैर से दिव्यांग होने के वाबजूद भी लोगों के लिए मिशाल कायम की (दिन हो या रात हर वक्त समाज सेवा के साथ) नैशनल अवॉर्ड मिलते ही खुशी से झूम उठा पूरा परिवार दिव्यांग जय भगवान सिंह को इंटर नैशनलवर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंटर नैशनल आइकन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है कहते हैं कि पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है यह सच कर दिखाया है, जनपद बुलंदशहर थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव मुमरेजपुर के रहने वाले दिव्यांग जय भगवान सिंह एक पैर से दिव्यांग है और रक्त दान शिविर लगाकर लोगों को निस्वार्थ सेवा भाव के लिए प्रेरित करते रहते हैं ये दिव्यांगता के बावजूद भी किसी भी क्षेत्र में हार नहीं मानते जय भगवान सिंह ने अब तक अपना 10 बार रक्तदान किया है दोनों पति-पत्नी पैरों से दिव्यांग होने के बाद भी लोगों को रक्तदान करके रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करते रहते हैं और दोनों ने ही मरणोपरांत अपना पूरा शरीर किसी मेडिकल



ट्रेनिंग प्रशिक्षण के लिए दिया जा सके ऐसा भी इन्होंने दधीचि देहदान समिति के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन संकल्प कराया हुआ है जिनके शरीर से हमारे आने वाले युवा साथी प्रशिक्षण करके डॉक्टर बन सके और लाखों लोगों की जिंदगी बचा सके हैं जय भगवान सिंह व उनकी पत्नी प्रतिभा देवी ऐसे पुण्य के कार्य करके बहुत खुश हैं। जयभगवान के जज्बे को लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। मीडिया में भी जयभगवान ने अलग पहचान बनाई है।

## ग्रीन बेल्ट निर्माण के लिए आभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सैदपुर रोड पर ग्रीन बेल्ट के निर्माण के लिए हम पालिका की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान और पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया का आभार व्यक्त करते हैं। उनकी पहल और समर्थन से इस परियोजना का शुभारंभ हुआ है।

**परियोजना का महत्व**

ग्रीन बेल्ट का निर्माण हमारे पर्यावरण और समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल हमारे शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि प्रदूषण को कम करने और शुद्ध हवा की आपूर्ति में भी मदद करेगा।

**आभार**

एक बार फिर से हम निहारिका चौहान और शैलेश तेवतिया का आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं कि यह परियोजना हमारे शहर के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।





## डीएम और एसएसपी ने किया अनूपशहर तहसील में समाधान दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा "अनूपशहर तहसील" में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना



गया एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, क्षेत्राधिकारी अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी उपस्थित रहें।

**मौसम**

## चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने की दी सलाह

## जरा सी लापरवाही डाल सकती है परेशानी में, बदलता मौसम कर रहा बेहाल, रखें ख्याल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बदलते मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है । सरकारी और निजी अस्पतालों में भी बुखार और सर्दी जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं । नवंबर माह में मौसम में तेजी के साथ परिवर्तन होने लगा है । मौसम में उतार-चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों को वायरल बीमारियां भी तेजी से जकड़ने लगी है । बच्चों को डायरिया वायरल फीवर निमोनिया का खतरा बढ़ा है तो बुजुर्गों को सबसे अधिक सांस फूलने की बीमारी हो रही है ।इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बच्चों की सेहत पर असर डाल रही है । दिन में गर्मी सुबह-शाम ठंडा मौसम हो जाता है । सरकारी चिकित्सालयों समेत निजी अस्पतालों में बुखार, सर्दी जुखाम, और अन्य बीमारियों से पीड़ित उपचार के लिए पहुंच रहे हैं । चिकित्सक बदलते मौसम में खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्कता बरतने के लिए परिजनों को सलाह दे रहे हैं जरा सी लापरवाही बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।मौसम में आए परिवर्तन के चलते लोगों को बीमारियों ने चपेट में लेना शुरू कर दिया है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मलेरिया वायरल खांसी जुखाम एलर्जी टाइफाइड जैसे खतरनाक बुखारो के मरीज पहुंचने शुरू हो गए हैं। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से मौसम के बदलते मिजाज के चलते लोगों की सेहत बिगड़ रही है। प्रीति दिन हो रहे मौसम में परिवर्तन से लोगों को परेशानी भी बढ़ रही है। जिसके कारण गांवों में मलेरिया वायरल टाइफाइड एलर्जी आदि बीमारियों लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन 400 से बढ़कर 600 तक पहुंच गई है। अस्पताल में मरीजों की भरमार होने के कारण लोग प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं। देहात क्षेत्र में बुखार का प्रकोप बढ़ने के कारण झोलाछाप चिकित्सक लोग भी खूब चांदी काट रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को मौसम में खान-पान व रहन-सहन को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह ने बताया कि बदलता मौसम स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है। इस दौरान सर्दी जुकाम खांसी आदि की शिकायत होने की संभावना बढ़ जाती है।

**मौसम में बदलाव दिन में गर्मी रात को गुलाबी सर्दी बदलते मौसम के चलते अस्पताल में लग रही मरीजों की भीड़**




**ऐसे करें बचाव**

बच्चों को सुबह शाम पूरी आस्तीन के कपड़े पहना कर रखें रात में पंखा कूलर आदि न चलाएं

बुजुर्ग सुबह जल्दी टहलने न निकले, धूप के बाद गर्म कपड़े पहन कर निकले

हृदय और उच्च रक्तचाप वाले मरीज विशेष सतर्क रहें समय से दवा ले सांस लेने में परेशानी होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

डेंगू मलेरिया से बचने के लिए बरतें सावधानी।

गमलों के नीचे रखे बर्तन में पानी को निरंतर सुखाएं।

बोलेरो एवं पानी की टंकियों को रगड़ कर साफ करें सूखने के बाद ही पुन उपयोग में लाएं।

घरों या आसपास जहां कहीं भी रुका व ठ हरा पानी हो उसे सुखा दें।

घरों में कहीं भी पानी न जमा होने दें।

पानी की टंकियों के ढक्कन बंद रखें।

## घर के सामने पटाखे चलाने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। पहासू के मोहल्ला भूप नगर में पटाखे चलाने से मना करने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने युवक को पीट कर घायल कर दिया। बेटे



को बचाने आई मां के साथ गली-गलौच व अभद्रता की गई।पुलिस को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।पीड़ित शैलेश की तहरीर पर पुलिस ने बबलू, विमल और अशोक पुत्र चंद्रपाल तथा विवेक पुत्र बबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पम्प आपरेटर के घर का ताला तोड़ कर लाखों, पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कोतवाली पिलखुवा कालेज गेट इलाके के मौहल्ला मंडी रेलवे रोड गंज में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड कर लाखों रुपए मूल्य की जेवर व बारह हजार रुपए नकद चोरी कर लिए । पीड़ित सुनील कुमार पुत्र प्रेमचन्द घास मण्डी रेलवे रोड गंज पिलखुवा निवासी ने बताया कि वह नगरपालिका परिषद मे पानी की टंकी पर पम्प ऑपरेटर है। घटना के समय अपनी ड्यूटी पर था। परिवार मे भाई जसवन्त वर्तमान में अपने मकान का पुनर्निर्माण निर्माण करा रहा है व परिवार दूसरी जगह किराये पर है,रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोड़कर घर की सेफ आलमारी में रखी सोने के कुण्डल बाली नाक का फूल मंगल सूत्र अंगूठी टीका, तथा चांदी की पायला,बिछुवे, तगड़ा,दो कलाई घड़ी तथा नगदी 12 हजार नकद की चोरी कर लें गये। पिलखुवा कोतवाली में चोरी की घटना की तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे युवती का शव फंदे पर लटका मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** जेवर मे एक युवती का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थिति मे उसके कमरे मे फंदे पर लटका मिला। परिवार ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। युवती का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार ने युवती के घर से निकले पर पाबंदी लगा दी थी। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। कस्बा निवासी एक युवती का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसमे प्रेमी युवक पर चार माह पहले युवती को घर से बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप मे युवती के परिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस समय युवती नाबालिग थी। पुलिस ने युवती को 15 दिन मे युवती को बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया था और युवक को जेल। अब करीब दो सप्ताह पहले युवती बालिग हुई तो उसने जेल से रिहा हुए युवक से शादी की जिद की। वहीं युवती के परिवार ने जबरन युवती की शादी तय कर दी और अगले माह उसकी शादी थी। युवती की जिद को देखते हुए परिवार के लोगों ने उसके घर से निकले पर पाबंदी लगा दी। अब रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों मे युवती का शव उसके कमरे मे पंखे पर फंदे से लटका मिला, तो परिवार ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

**छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 05.11.2024 से 07.11.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी, बरेली कैंट, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., भाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. और बिहार शरीफ |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 10:03 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं म ारख |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04072 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |
| **दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी जं. | 15:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं., |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं लखनऊ |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05038 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:10 | बनारस | 01:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं भदोही |
| 04056 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:05 | बलिया | 10:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., जौनपुर जं. एवं गाजियाबाद सिटी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02252 | नई दिल्ली वंदे भारत त्यौहार स्पेशल | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुलतानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04040 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:30 | भागलपुर | 11:40 | 3 टियर वाता., | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज |
| 04684 | नई दिल्ली | 21:30 | सहरसा जं. | 04:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरियासदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| **दिनांक 07.11.2024 (गुरूवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 2 + 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सिवान जं. |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 2+3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


# हिंडन एक स्वच्छ हिंडन नदी की ओर सामूहिक प्रयास आवश्यक: सत्येन्द्र सिंह



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हिंडन नदी, जो गाजियाबाद समेत कई जिलों से होकर बहती है, आज गंभीर प्रदूषण का सामना कर रही है। नदियों का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय आवश्यकता है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व भी है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिए 2015 में भारत सरकार ने ह्यनमामि गंगेह्न कार्यक्रम की शुरूआत की, जिसमें प्रमुख सहायक नदियों जैसे हिंडन को स्वच्छ और संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी शामिल है। गाजियाबाद में उत्थान समिति द्वारा आयोजित हिंडन महोत्सव इसी उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव में बच्चों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और स्वच्छता अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं।

उत्थान समिति की भूमिका और प्रयास उत्थान समिति ने हिंडन नदी के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए हैं ताकि लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके और स्वच्छता का महत्व बताया जा सके। समिति की गतिविधियाँ इस प्रकार हैं: 1.जागरूकता अभियानः समिति ने हिंडन महोत्सव के माध्यम से स्थानीय स्कूलों में जाकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। छात्रों को नदी की मौजूदा स्थिति और इसे प्रदूषण मुक्त बनाने के महत्व के बारे में बताया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से उनके परिवारों और समुदाय में भी यह संदेश पहुँचाना है।

2.पेंटिंग प्रतियोगिताएंः महोत्सव में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जहां वे अपनी रचनात्मकता से नदी संरक्षण का संदेश देते हैं। ये प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों में जागरूकता फैलाने में मददगार हैं, बल्कि उनके चित्रों के माध्यम से समाज को भी एक सकारात्मक संदेश मिलता है। 3.सांस्कृतिक कार्यक्रमः बच्चों और स्थानीय कलाकारों के नाटक, गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से नदी संरक्षण का संदेश दिया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम आम जनता को मनोरंजक तरीके से जोड़ने और संदेश को गहराई तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है।

**प्रदूषण नियंत्रण के अन्य उपाय**

हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अन्य उपायों में कारखानों के दूषित जल का प्रवाह रोकना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, और वृक्षारोपण शामिल हैं।

कारखानों का दूषित जलः हिंडन में प्रदूषण का एक बड़ा कारण कारखानों का दूषित जल है। इसके लिए सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सख्त नियम लागू करने चाहिए और सभी कारखानों को जल शोधन संयंत्र स्थापित करने के निर्देश देने चाहिए। इस पानी के शोधन और प्रबंधन के लिए प्रभावी कदम उठाना जरूरी है, ताकि नदी में बिना शोधन के कोई भी दूषित जल न जाए।

# जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गौतमबुद्धनगर ।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 55 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 03 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 16 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, तहसीलदार जेवर विवेक भदोरिया, नायब तहसीलदार जेवर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 35 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। सदर तहसील में अपर जिला अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 04 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई।

# पूजा अर्चना के बाद चीनी मिल के पराई सत्र का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हवन पूजन के उपरांत सोमवार को अवध शुगर मिल स्योहारा में गन्ना सत्र 2024-25 का शुभारंभ कर दिया गया दोपहर बाद शुभारंभ से पहले हवन पूजन किया गया जिसमें यजमान मिल के अध्याशी चौधरी सुखबीर सिंह बने इसके उपरांत किसानो और मिल के अधिकारियों ने चेन में गन्ना डालकर गन्ना सत्र का शुभारंभ किया । प्रथम गाड़ी लेकर आए किसान के बैलों को झूल ओढ़ाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मिल अधिकारियों ने किसानों से उन्नत प्रजाति का गन्ना बोये जाने और रोग ग्रस्त गन्ने को छोड़े जाने की अपील की। बताया गया कि मिल अपना पेराई सत्र मंगलवार से शुरू कर देगी' कुछ गन्ना सेंट्रो पर आज से ही तौल शुरू हो गई और कुछ सेंट्रो पर एक-दो दिन में तोल शुरू किए जाने की संभावना है' मिल सत्र के शुभारंभ पर अधिकारियों ने किसानों को उनकी हर समस्या का समाधान समय से करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मिल क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ' इस अवसर पर सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह समिति के अनेक डायरेक्टर के साथ उपस्थित रहे ।

# जाट समाज करेगा भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का खुला समर्थन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाके के प्रमुख जाट समाज के लोगों को लेकर सोमवार को नवयुग मार्किट में भाजपा चुनाव कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। दावा किया गया है कि बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना और अपने समाज का अधिक से अधिक मतदान करने के लिए हाथ उठाकर अपना समर्थन किया। बैठक में जमीन से जुड़े जाट नेता भी मौजूद रहे। जिनमें से प्रमुख रूप से पूर्व महापौर आशु वर्मा, एमएसपी सलाहकार सदस्य पीएम ऑफिस कृष्ण वीर चौधरी, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक मंजू सिवाच,सहकारी बैंक चेयरमैन कृष्ण चौधरी, जाट समाज बैठक प्रमुख एवं भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, डायरेक्टर मनबीर चौधरी, चौधरी अनूप सुशील चौधरी, पार्षद अभिषेक चौधरी, पार्षद सुभाष चौधरी, पार्षद शीतल चौधरी,। पार्षद हिमांशु चौधरी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष प्रमिला चौधरी, जाट समाज नेता जगपाल सिंह, धर्मवीर चौधरी, बिजेंद्र चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, जगबीर चौधरी, विरेंद्र सिंह,चौधरी मंगल चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, अजेंद्र चौधरी,अंजू तोमर आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के साथ खड़े हैं हम सभी से वोट की अपील घर घर जाकर करेंगे।भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को मजबूती से जीताकर भेजने के लिए जाट समाज के द्वारा प्रताप विहार सैक्टर 12 के लीलावती पब्लिक स्कूल में बहुत जल्द ही एक सभा आयोजन कर समर्थन का खुला ऐलान किया जाएगा। जाट समाज के खुले समर्थन से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को निश्चित तौर पर और मजबूती मिलेगी।

# महिला एसआई ने स्कूल में छात्र छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** बालिकाओं को जागरूक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के क्रम में सोमवार को थाना अहमदगढ़ की महिला उप निरीक्षक शीबा व फैंटम कर्मचारी थाना अहमदगढ़ ने कस्बा में जाकर प्राथमिक विद्यालय के स्कूल के बच्चों को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ऑपरेशन बचपन के चलते जागरूक किया गया एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर नारी सुरक्षा सम्मान स्वालंबन हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्प प्रोडक्ट्स एंटी रोमियो स्क्वायड बाल श्रम उन्मूलन अप 112 वूमेन पावर लाइन 1090 एवं आत्मरक्षित संबंधित टिप्स गुड टच बेड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया है।

# महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने किया महिलाओं को जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के क्रम में महिला थाना की मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु तथा छात्राओं/ बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।





# एसएसपी द्वारा कालाआम चौराहा पर यातायात माह नवम्बर का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा कालाआम चौराहे पर यातायात माह नवम्बर-2024 का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। अभियान के अन्तर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने हेतु पुलिस कर्मियों व छात्रों द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली कालाआम चौराहे से, अंसारी चौक, डिप्टीगंज चौकी, से कालेआम चौराहे पर समाप्त हुई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उदबोधन में उपस्थित आम जनमानस को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गयी। उन्होने कहा कि यातायत माह प्रत्येक वर्ष लोगो को जागरुक करने के लिए मनाया जाता है। यातायात प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपने विचार रखे। तथा जनपदवासियों से यातायात नियमों का पालन करने व अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल, क्षेत्राधिकारी यातायात राम करन, प्रभारी निरीक्षक यातायात संजय वर्मा व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





# थाना कोतवाली नगर एंटी रोमियों पुलिस टीम, थाना एएचटीयू टीम व श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** शासन के निदेशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत ऑपरेशन बचपन के तहत थाना कोतवाली नगर

**मून लाईट वुड फैक्ट्री में 14 साल से कम उम्र के 05 बच्चों से बालश्रम कराते हुए पाये जाने बच्चों को उन्हें बालश्रम से मुक्त**

एंटी रोमियों पुलिस टीम, थाना एएचटीयू टीम व श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में मौहल्ला सरायधारी में स्थित मून लाईट वुड फैक्ट्री में 14 साल से कम उम्र के 05 बच्चों से बालश्रम कराते हुए पाये जाने बच्चों को उन्हें बालश्रम से मुक्त कराया गया तथा आवश्यक कार्यवाही की गयी। लोगो को बालश्रम न कराने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया ।




# हेड कॉन्स्टेबल से प्रमोशन पाकर बने सब इंस्पेक्टर परिवार में खुशी का माहौल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामघाट/बुलंदशहर।** हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर गांव में प्रथम बार आगमन पर किया भव्य स्वागत। आपको बता दें डिबाई तहसील के ग्राम ढक नगला निवासी मुकेश कुमार लोधी हेड कांस्टेबल के पद पर नदरई कासगंज

**दरोगा बनने पर ग्रामीणों ने किया गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत**

जनपद में तैनात हैं जिनका शासन द्वारा हेड कांस्टेबल के पद से( सब इंस्पेक्टर) के पद पर पदोन्नति हुई है।

गांव में प्रथम बार आगमन पर परिजन ग्रामीणों ने पदोन्नति होने पर फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया सभी ग्राम वासियों और परिवार में बहुत ही खुशी का माहौल है इस मौके पर ग्राम प्रधान पुत्र राकेश कुमार मथुरिया, देवेंद्र सिंह लोधी डॉ धर्मेंद्र कुमार रतन सिंह दिवाकर साहब सिंह लोधी, सौदान सिंह लोधी मेघ सिंह लोधी बाबू सिंह लोधी जितेंद्र कुमार लोधी डॉ गजेंद्र कुमार लोधी लोकमन सिंह लोधी उमेश कुमार वर्मा डॉ दिनेश कुमार लोधी एवं समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर फूलमाला पहना कर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया और शुभकामनाएं भी प्रेषित की है।



# ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत गुमशुदा बच्ची को 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । थाना स्याना पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना स्याना क्षेत्र में मंडे मार्केट में 01 बच्ची (उम्र करीब 03 वर्ष) अपनी मां से बिछड़ गयी है, काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रही हैं। इस सूचना पर थाना स्याना पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनपद में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत 01 घण्टे के अन्दर लापता बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्ची को परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना स्याना पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।



**पुलिस टीम**

1- प्रेमचन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक स्याना
2- म0उ0नि0 अंजली सिंह
3- का0 सुरेन्द्र सिंह, का0 नितिश कुमार

# कार्तिक मेले की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** कार्तिक पूर्णिमा लक्की मेला की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने मेला संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की। 12नवंबर से मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला तीन जोन साठ सेक्टारों मे बांटा गया है।

तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं को लेकर पालिका, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, चिकित्सा, आपूर्ति आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बिंदुवार चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान के लिए घाटों का चिन्हीकरण कराने, घाटों पर पास बोलियों की बैरिकेडिंग कराने, स्नान घाटों पर महिलाओं को वस्त्र बदलने के अस्थाई कमरे बनाने, रात्रि स्नान के लिए घाटों व मेला क्षेत्र में पर्याप्त पथ प्रकाश व्यवस्था कराने, घाटों पर गोताखोर नविको की व्यवस्था, मेला क्षेत्र के मार्गो को गड्ढा मुक्त करने, मेला क्षेत्र में चिकित्सा शिविर लगाने, मोबाइल शौचालय, खाद्य सुरक्षा, खोया-पाया आदि व्यवस्था मेला प्रारंभ होने से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मेला के दौरान सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के लिए पत्र व्यवहार किया जा चुका है। पालिकाध्यक्ष ने कार्तिक मेला को धूमधाम के साथ सम्पन्न करने के लिए नगर पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। इस मौके संबंधित विभाग के अधिकारिगण मौजूद रहे।




**गिरफ्तारी**

## अभियुक्तों की निशादेही पर आलाकत्ल डंडे, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल को बरामद किया गया

# सुनील कुमार की हत्या का सफल अनावरण, 04 हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** वादिया नीतू पत्नी सुनील कुमार निवासी ग्राम नेकपुर थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना जहांगीरपुर पर तहरीर दी गयी कि उसके गांव निवासी सोमवीर उर्फ सोम व ईश्वर द्वारा उसके पति सुनील कुमार के साथ मारपीट की गयी जिससे उपचार के दौरान उसके पति की मृत्यु हो गयी हैं। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीरपुर पर मुअसं - 90/24 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया उक्त घटना के क्रम में थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में सोमवीर उर्फ सोम व ईश्वर की नामजदगी गलत पायी गयी तथा घटना में अन्य 05 अभियुक्त के नाम प्रकाश में आये। दिनांक 03/04.11.2024 में थाना जहांगीरपुर पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर आलाकत्ल डंडे, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीरपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।


**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता**

1.राजू शर्मा उर्फ आशू पुत्र प्रेमपाल निवासी कलाखुरी थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।
2.भूपेन्द्र पुत्र प्रेमपाल निवासी उपरोक्त।
3.गुलशन पुत्र विजयपाल निवासी उपरोक्त।
4.मनोज पुत्र नेत्रपाल निवासी उपरोक्त।

**बरामदगी-**

1-02 डंडे (आलाकत्ल)
2.अभियुक्तों के रक्त रंजित कपड़ें
3-03 मोबाइल फोन (घटना में प्रयुक्त)
4-01 मोटरसाइकिल प्लेटिना नं0 UP-85BH-7473 (घटना में प्रयुक्त)।

अभियुक्त राजू शर्मा उर्फ आशू ने पूछताछ पर बताया कि वह बिजली विभाग में लाइनमैन है। अब से करीब डेढ़ वर्ष पूर्व




अपने छोटे भाई भूपेन्द्र के साथ गांव नेकपुर में सरकारी ट्यूबवेल के तार जोड़ने गया था वहां पर मृतक सुनील ने बिजली के तार जोड़ने को लेकर मुझे व मेरे भाई को काफी गालियां दी और हमे अपमानित किया। हम दोनो भाईयों ने तभी ठान लिया की सुनील से एक दिन बदला जरुर लेंगे। हम तभी से उसकी तलाश में थे। दिनांक 30.10.2024 को हम दोनो भाई अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे तभी एक मोटरसाइकिल पर सुनील व एक अन्य व्यक्ति हमारे घर के सामने से निकले। हमने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनका पीछा किया तथा रास्ते में सुनील व उसके साथी के साथ मारपीट की तथा वहां से चले गये। दिनांक 30.10.2024 की रात्रि में सुनील की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।

**गिरफ्तार करने वाली थाना जहांगीरपुर पुलिस टीम**

1.अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी थाना जहांगीरपुर
2.उ0नि0 उदयवीर सिंह, उ0नि0 दुर्वेश कुमार, उ0नि0/यू0टी0 सोमेश कुमार
3.का0 सौरभ कुमार, का0 ऋषि कुमार, का0 सतीश कुमार।

**गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात**

1.लोकेश कुमार अग्निहोत्री स्वाट टीम देहात, 2.का0 मनीष कुमार, का0 विपिन कसाना, का0 अजय सोलंकी।

## सूचना

मै मेघा जादौन पत्नी श्री अमित चौहान निवासी बी 1/141प्रथम तल सैक्टर तीन चिरंजीव विहार गाजियाबाद की निवासी हूँ शादी से पूर्व मेरे नाम के आगे जादौन लगा हुआ था इसलिए अब भी कही कहीं जादौन लगा हुआ है इसलिए मै स्पष्ट करना चाहती हूँ कि मेघा चौहान और मेघा जादौन मेरा अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है।

# 6 महीने में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य: सीएम चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)** आम आदमी पार्टी के परतापुर रोड स्थित कार्यालय पर प्रेस वार्ता एवं कार्यकर्ता संबोधन में उत्तर प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने आज उत्तर प्रदेश में सदस्य अभियान की शुरूआत की है लखनऊ से प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद मा. संजय सिंह जी द्वारा सदस्य ता अभियान की शुरूआत हो चुकी है पार्टी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में 6 महीने में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है इसी कड़ी में हर जिले में 10 वरिष्ठ पदाधिकारी ग्राम सभा की कमेटी या व वार्ड कमेटी का गठन करेंगे जिसमें 10-10 कार्यकर्ता होंगे जो हर महीने तकरीबन सो कार्यकर्ता होंगे वह महीने के हर दूसरे शनिवार को एक आंदोलन निश्चित करेंगे और अंतिम रविवार को एक रचनात्मक कार्य में हिस्सा लेंगे इस शनिवार को




पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा 27000 सरकारी स्कूल को बंद करने जा रहे हैं इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी और सरकारी स्कूल बंद ना हो और नए स्कूल खोलने जाने चाहिए इसके लिए आंदोलन ज्ञापन देगी आम आदमी पार्टी मध्यवर्ती चुनाव में समाजवादी पार्टी को समर्थन एवं प्रचार भी करेगी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों व काशन में आज से सदस्य अभियान की शुरूआत विधि वक्त कर दी गई है आज नगर पालिका पिलखुवे में भी नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा जी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान की शुरूआत की जा रही है आज की बैठक में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी जिला प्रभारी डॉक्टर नरेंद्र सोलंकी जी जिला कोषाध्यक्ष इमरान खान चतर सिंह कलुआ शकील अहमद विनोद सैनी बुद्ध प्रकाश एडवोकेट फिरोज खान समीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

# गंगा किनारे तंबुओं की अस्थायी नगरी बसनी शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले पौराणिक महाभारतकालीन गंगा मेले गंगा के रेतीले मैदान में तंबुओं की अस्थाई नगरी बसनी शुरू हो गयी है। व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए मेला अधिकारी व जिला पंचायत अधिकारी युद्व स्तर पर कार्य कराने में जुटे हैं। जिससे मुख्य स्नान से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण हो जाये। पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी प्रतिदिन मेले की तैयारी की जायजा ले रहे है।

- गंगा किनारे घाट बनकर तैयार,विभिन्न स्थानों पर लगे वाच टावर
- गंगा के रेतीले मैदान में अस्थाई पुलिस लाइन भी बनकर हुई तैयार
- मेले में दुकानदारों व श्रद्घालुओं के आने का सिलसिला शुरू
- मुख्य स्नान शुरू होने से पूर्व सभी तैयारी होगी पूण:चेंयरमैन
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मेले की तैयारियों को प्रतिदिन ले रहे है जायजा


गंगा किनारे बने घाट,विभिन्न स्थानों पर लगे वॉच टावर व गंगा के रेतीले मैदान में बसने तंबुओं की नगरी व चेयरमैन रेखा नागर मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए

आपको बता दें कि गढ़ के खादर क्षेत्र में लगने वाले महाभारत कालीन कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में दुकानदारों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। मेले स्थल पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की जय के नारे लगाकर गंगा के रेतीले मैदान में अपने अपने तंबू लगा रहे है। श्रद्घालुओं द्वारा गंगा मैया की गोद में लगाये तंबू से रेतीले मैदान में अस्थायी तंबुओं की अस्थाई नगरी बसनी शुरू हो गयी है। जिस स्थान पर जहां दूर दूर तक कोई दिखाई नहीं देता था। वहां धीरे-धीरे काफी चहल पहल होने लगी है।

गंगा मेले को श्रद्धालु मिनी कुंभ मेले कानाम भी देने लगे है। इस मिनी कुंभ में प्रतिभाग करने के लिए दूसरे राज्यों हरियाणा,दिल्ली,राजस्थान,पंजाब,मध्यप्रदेश से लाखों की संख्या में श्रद्घालु स्नान करने आते है। इस वर्ष मेले में 25 से 30 लाख श्रद्घालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा हैं।

मुख्य स्नान में अभी 10 दिन का समय शेष है। लेकिन मेले की तैयारियां अभी भी अधूरी पड़ी है। जिन्हें पूरा कराने के लिए मेला अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा व उनके अधीनस्थ अधिकारी द्वारा मजदूरों से दिन रात कार्य कराया जा रहा है। जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।


एएमए आरती मिश्रा

अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा ने बताया कि मेले की तैयारी युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। कि मुख्य स्नान से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाये। जिला पंचायत का पूरा प्रयास है,कि मेले में आने वाले श्रद्घालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि आगामी 12 नवंबर को गंगा मेले का विधिवत उद्घाटन मेरठ मंडल कमिश्नर द्वारा किया जायेगा।


जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर का कहना हैं कि मुख्य स्नान 15 नवंबर को है,इससे पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायेगी। गंगा में किनारे 2 वीआईपी सिंह 13 घाट बनकर तैयार हो गये है। मेले में विभिन्न स्थानों पर वॉच टावर भी लगाये गये है। इसके अलावा अस्थाई पुलिस लाइन भी बनकर तैयार हो गयी है।

वहीं दूसरी ओ जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह भी गंगा मेले की तैयारियों का जायजा ले रहे है। जिससे मेले की सभी तैयारियों समय से पूर्ण हो जाये।

# सीवर टैंक में गिरकर डूबने से मासूम बच्चे की मौत, टैंक में शव तैरता देख परिजनों के उड़े होश,मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की सुबह बच्चों के साथ खेल रहा दो साल का मासूम सुबह सीवर टैंक में गिर गया। मासूम के नहीं दिखने पर परिवार के लोग खोजने निकले। बच्चे को तैरता देखकर टैंक से बाहर निकाला गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम भेजा है।





मृतक मासूम के पिता राजा ने बताया कि वह अपनी पत्नी स्वाति व दो वर्षीय बेटे अनमोल और दो माह की बच्ची के साथ मोहल्ला नेहरू नगर में रहता है। सोमवार की सुबह पड़ोस में रहने वाले ब्रह्मपाल के घर में सीवर टैंक की सफाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान उनका पुत्र खेलते खेलते अचानक टैंक में जा गिरा और पानी में डूबने के कारण मौत हो गई। काफी देर बाद जब मासूम का शव टैंक के पानी में तैरता हुआ नजर आया तो लोगों पर उसकी नजर पड़ी। मोहल्लेवासियों की मदद से शव कों टैंक से बाहर निकाला गया। वहीं इस घटना के बाद बच्चे के परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सबंध सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। परिजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# गंगा मेले में दो अस्थाई पशु अस्पताल खोले जायेंगे: सीवीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में दो अस्थाई पशु अस्पताल खोले जायेंगे। जहां 24 घंटे चिकित्सकों के साथ कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। अस्पताल में आने वाले पशुओं का निःशुल्क उपचार करने के साथ-साथ दवाई भी दी जायेगी।

- एक अस्पताल में दो चिकित्सक सहित तैनात रहेंगे छह कर्मचारी
- अस्पताल में पशुओं का होगा निःशुल्क उपचार,दवाईयों का वितरण

आपको बता दें,कि प्रतिवर्ष जनपद के गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया जाता है। इस मेले के साथ गंगा के रेतीले मैदान में पशु मेले का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित दूसरे प्रदेशों के लोगों के अपने गधे घोड़े बेचने व खरीदने आते है। पशु मेले में करोड़ों का व्यापार होता है। पशु मेले में व्यापारियों को पशुओं को लेकर कोई असुविधा नहीं हो,इसके लिए जिला पंचायत व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रबन्ध किया जा रहे है। मुख्य पशु



चिकित्साधिकारी डा.ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मेले में दो अस्थाई पशु अस्पताल खोले जायेंगे। एक अस्पताल खच्चर मेले व दूसरा मेरठ सेक्टर में खाला जायेगा। एक अस्पताल में दो चिकित्सकों के साथ छह कर्मचारी तैनात रहेंगे। अस्पताल में आने वाले पशुओं का निःशुल्क उपचार के साथ दवाई दी जायेगी। उनके द्वारा अस्पतालों का निरीक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने बताया में मेरठ सेक्टर में लगने वाले पशु अस्पताल में गाय व भैंस और खच्चर मेले में लगने वाले अस्थाई पशु अस्पताल खच्चर व घोड़े का निःशुल्क उपचार किया जायेगा। आगामी 9 नवंबर को अस्पताल खुल जायेंगे। जिनके खोलने की तैयारी चल रही है।

# जीएस आयुर्वेद कॉलेज में बीएएमएस छात्रों के लिए ट्रांजिशन करिकुलम का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जीएस आयुर्वेद कॉलेज में बीएएमएस छात्रों के लिए ट्रांजिशन करिकुलम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आयुर्वेद की पारंपरिक शिक्षा से आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की ओर सहजता से संक्रमण करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ भावना सिंह ने किया, जिन्होंने इस नई पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस करिकुलम के माध्यम से छात्रों को न केवल आयुर्वेदिक ज्ञान में दक्षता हासिल होगी, बल्कि उन्हें समकालीन चिकित्सा प्रथाओं से भी अवगत कराया जाएगा।

उप-प्राचार्य, डॉ जीना पटनायक ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें आयुर्वेद के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा के सामंजस्य की आवश्यकता पर जोर दिया गया। छात्रों को यह सिखाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि वे कैसे दोनों पद्धतियों का उपयोग कर रोगियों की बेहतर देखभाल कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ बी. एस. प्रसाद ने नये



प्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएँ दी तथा डॉ स्नेहलता दोरनला ने उन्हें अग्रिम मार्ग के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाएँगी, जो छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगी। इस पहल से छात्रों की योग्यता और पेशेवर कौशल में वृद्धि होगी, जिससे वे भविष्य में सफल चिकित्सक बन सकेंगे। ट्रांजिशन करिकुलम बीएएमएस छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा की एकीकृत दृष्टि प्रदान करेगा।

# यातायात माह में भी जाम की समस्या ज्यों की त्यों, जाम की समस्या से निजात दिलाने को करोड़ों खर्च कर बाईपास का निर्माण कराया था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** देश विदेश में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हापुड़ पर यातायात माह में भी जाम भारी पड़ रहा है। सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण अब यह जाम नगरी के नाम से मशहूर हो गया है। करोड़ों की लागत से बना बाईपास भी जाम में सुधार नहीं ला सका है। जाम लगने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण से लोग बहरेपन का शिकार होते जा रहे है। यातायात माह में भी शहर की जनता जाम का शिकार हो रही है। आपको बता दें कि चार दशक पूर्व हापुड़ के पापड़ की विदेशों तक धूम थी। जिस कारण यह दुनिया भर में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हो गया। मौजूदा समय में पापड़ नगरी की पहचान धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इसका मुख्य कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन कई कई घंटे लगने वाला जाम। इससे न सिर्फ यहां का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बल्कि आये दिन राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजाम से लेकर ततारपुर तक करोड़ों की लागत ने बाईपास का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राजग सरकार में भूतल परिवहन केन्द्रीय मंत्री रहे चन्द्रभुवन खंडूरी ने किया था। साथ ही उन्होंने जनपद की जनता को आश्वस्त किया था कि अब उन्हें जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। किन्तु स्वार्थी वाहन चालक नहीं चाहते कि वह बाहर जाने के लिए बाईपास का प्रयोग करे। यहीं कारण है कि शहर में डग्गामार वाहनों की तादात इतनी अधिक बढ़ गयी है कि जाम पर काबू पाना टेढ़ी खीर लगती है।दिलचस्प बात तो यह है कि यातायात पुलिस को परिवहन

- स्थानीय अधिकारी भी प्रतिदिन होते है जाम का शिकार
- जाम के कारण रोजाना लाखों का डीजल पैट्रोल हो रहा है,व्यर्थ
- ध्वनि प्रदूषण के कारण बहरेपन के शिकार हो रहे है नागरिक



सुचारु कराने के लिए मुख्य चौराहों पर तैनात किया गया है किन्तु वह अपने कर्तव्य सही ढंग से निर्वाह नहीं कर पा रहे है। सच्चाई तो यह है कि वह अपनी जेबें भरे या यातायात सुचारु करायें। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जाम का प्रतिदिन शिकार होते है। अब उन्हें भी जाम झेलने की आदत पड़ गयी है। वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी जाम की समस्या समाप्त करने के लिए कई उपाय किये।

लेकिन सभी विफल साबित हुए हैं। वहीं हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा लाखों की लागत से तहसील चौपला,मेरठ तिराहा,पक्का बाग चौराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवायी,जो एक भी नहीं चली,और कबाड़ में तब्दील हो गयी। पुलिस विभाग उक्त चौराहों पर लाखों की लागत से ट्रैफिक लाइट लगवायी,जो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। वर्तमान में ट्रैफिक लाइटें खराब हो चुकी है,तो कुछ खंभों से गायब हो गयी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस
## जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण

# डीएम,एसडीएम ने 5 फरियादियों को मौके पर दिलाया न्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़/धौलाना।** सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों में डीएम प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिलाधिकारी,उपजिलाधिकारी ने शिकायतें सुनकर मौके पर पांच फरियादियों को न्याय दिलाया। शेष का शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से समीक्षा की जा रही है: प्रेरणा शर्मा**

शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकारी जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करते है। गत शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।



सदर एसडीएम कार्यालय के सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उनके समक्ष आई 18 शिकायतों में से उनके द्वारा मौके पर 3 का निस्तारण किया गया। गढ़मुक्तेश्वर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सांक्षी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मौके पर आई 15 शिकायतों में मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। धौलाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौके पर आई 15 शिकायतों में से मौके पर 2 का अधिकारियों द्वारा निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शिकायतें अवैध कब्जा हटवाने,सरकारी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाने,कासगंज की अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी व मृतका आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाने,रास्ता बनवाने की आई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसडीएम ने शेष शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही समय से उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारियों के प्रति जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

इस अवसर पर एसडीएम अंकित वर्मा,सीओ जितेन्द्र शर्मा,सीएमओ डा.सुनील त्यागी,एएमए आरती मिश्रा,बीएसए रीतु तोमर सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# करिकुलम के माध्यम से छात्रों को आयुर्वेदिक ज्ञान में दक्षता हासिल होगी: डा.भावना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।** सोमवार को जीएस आयुर्वेद कॉलेज में बीएएमएस छात्रों के लिए ट्रांजिशन



करिकुलम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आयुर्वेद की पारंपरिक शिक्षा से आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की ओर सहजता से संक्रमण करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ भावना सिंह ने इस नई पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस करिकुलम के माध्यम से छात्रों को न केवल आयुर्वेदिक ज्ञान में दक्षता हासिल होगी,बल्कि उन्हें समकालीन चिकित्सा प्रथाओं से भी अवगत कराया जाएगा। उप-प्राचार्य, डॉ जीना पटनायक ने आयुर्वेद के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा के सामंजस्य की आवश्यकता पर जोर दिया गया। छात्रों को यह सिखाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि वे कैसे दोनों पद्धतियों का उपयोग कर रोगियों की बेहतर देखभाल कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ बी. एस. प्रसाद ने नये प्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएँ दी तथा डॉ स्नेहलता दोरनला ने उन्हें अग्रिम मार्ग के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाएँगी,जो छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगी। इस पहल से छात्रों की योग्यता और पेशेवर कौशल में वृद्धि होगी, जिससे वे भविष्य में सफल चिकित्सक बन सकेंगे।

## सम्पादकीय

# जिन पिंग के दिमाग के कोने में भारत की जीरो अहमियत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत के प्रति चीन इंच भर (हां, इंच भर) न नर्म होगा, न पीछे हटेगा। इसका फिर प्रमाण 23 अक्टूबर 2024 की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिन पिंग की मुलाकात है। वैश्विक राजनीति के परिपेक्ष्य में मुझे भारत के विदेश मंत्री, विदेश सचिव के बयानों से चीन के लचीले बनने की उम्मीद थी। लगा लद्दाख क्षेत्र की सीमा पर चीन अप्रैल 2020 से पूर्व की यथास्थिति लौटा देगा। भारतीय सेना जिस इलाके में पैट्रोलिंग करती थी, वहां वह वापिस करने लगेगी। चीन यदि अपने कब्जाएं 2000 वर्गकिलोमीटर भारतीय क्षेत्र से सैनिक हटाता है, दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने के गतिरोध से पीछे हटती है तो भारत का चीन पर विश्वास बनेगा। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश तब मन से चीन का दोस्त होगा। और चीन-रूस मिलकर विश्व राजनीति में अपनी जो अलग व्यवस्था बना रहे है उसमें भारत साझेदार या परोक्ष समर्थक होगा। वह सैनिक-सुरक्षा चिंता में अमेरिका-पश्चिमी देशों की और देखना रोक देगा। इससे चीन-रूस के पश्चिमी देशों के खिलाफ शक्ति परीक्षण, नई विश्व व्यवस्था, वित्तिय व्यवस्था के एजेंडे को बल मिलेगा। आखिर 140 करोड़ लोगों की आबादी का देश डालर में लेन-देन के सिस्टम से युआन-रूबल मिक्स करेंसी के एक्सचेंज का आंशिक सहभागी भी बने तो उथल-पुथल होगी। वास्तविकता है ताईवान को ले कर चीन की अमेरिका से जबरदस्त ठनी हुई है। उसकी आर्थिकी अमेरिका-योरोप की घेरेबंदी से मंदी की मारी है। वह रूस के साथ सैनिक-सामरिक-आर्थिकी की साझेदारी से दुनिया का अछूत हुआ है तो ऐसे में भारत यदि उसके मंसूबों की नई विश्व व्यवस्था में उसका साझेदार या मौन पैरोकार भी बने तो रूस-चीन के झंड़े का दबदबा बढ़ेगा। जब दांव इतने ऊंचे और भविष्य दृष्टि के है तब लद्दाख क्षेत्र के बंजर पठार के 2000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीन अपनी सेना को अप्रैल 2020 की स्थिति में लौटा ले तो नुकसान से ज्यादा उसे फायदा है! मगर नहीं! चीन की मनोदशा में इंच भर पीछे हटने या झुकने की वृति नहीं है। माओं, चाऊएनलाई, देंग और शी जिन पिंग के समय में बार-बार जाहिर हुई भारत के प्रति हिकारत का उसका रवैया जस का तस है। चीन भारत का वह पड़ौसी है जो धूर्त, स्वार्थी है तो तलवारधारी विश्व व्यापारी भी है। इक्कीसवीं सदी में वह भारत सहित पूरी दुनिया को अपनी वर्चस्ववादी धुरी का पुछल्ला बनाने की जिद्द ठाने हुए है। उसके रोडमैप में अब एक कदम पीछे दो कदम आगे का व्यवहार भी नहीं है। उसे व्यापार और आर्थिकी की रणनीति में भारत को पुछल्ला बनाना ही है। फिलहाल उसके ताजा इरादों पर गौर करें। एक, चीन ने रूस को अपनी फैंचाइंजी बना लिया है। रूस उस पर आश्रित है। उसका कंधा है। राष्ट्रपति शी जिन पिंग जो कहेंगे वही पुतिन करेंगे। पुतिन कतई शी जिन पिंग को नहीं समझा सकते है। दो, चीन-रूस का एकीकृत मिशन अमेरिका-पश्चिम की केंद्रीकृत धुरी के आगे अपनी नई विश्व व्यवस्था बनाना है। तीन, चीन ने इसके लिए दुनिया भर के छोटे-गरीब देशों को बेइंतहा पैसा दे कर उन्हे अपना मोहताज बनाया है। भारत के सभी पड़ौसी चीन पर आश्रित है। अर्थात वह देशों की संख्यात्मक ताकत बनाते हुए है। चार, भारत, जापान, आस्ट्रेलिया जैसे देशों को चीन ने सैनिक दबाव और व्यापार के दोहरे कारणों से दुविधा, चिंता तथा आयातों की निर्भरता में ऐसा फंसाया है कि भारत के विदेश मंत्री को सार्वजनिक तौर पर यह मजूबरी बतलानी पड़ती है कि यह मुद्दा (व्यापार) जटिल है और इसमें ब्लैक एंड व्हाइट जैसा कुछ नहीं है। पांच, ब्रिक्स की बैठक में नेटो सदस्य तुर्की को न्यौत कर तथा मिस्त्र, इथियोपिया की सदस्यता का अर्थ है कि चीन-रूस ने उत्तर-मध्य एसिया के सभी इस्लामी देशों के अलावा पाकिस्तान से तुर्की तक फैले पूरे पश्चिम एसिया, उत्तर अफ्रिका के उस सभ्यतागत क्षेत्र को अपने प्रभाव में लेने का ब्ल्यूप्रिंट बनाया है जहां इस्लामी देशों (विशेषकर यहूदी इजराइल के परिपेक्ष्य में) की गोलबंदी भविष्य में चीनी सभ्यता का खंभा हो सकती है।

# भारतीय राजनीति में नारों की गूंज-बटेंगे तो कटेंगे बनाम जुड़ेंगे तो जीतेंगे+जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे=एक है तो सेफ है



एडवोकेट किशन सनमुखदास

गोंदिया-वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े और सबसे पुराने देश भारत और अमेरिका में 5 नवंबर 2024 व भारत के महाराष्ट्र झारखंड मैं पूर्ण 5 वर्षीय चुनाव व कुछ राज्यों के उप चुनावों पर दुनियाँ की नजरें लगी हुई है इसलिए कि दुनियाँ जानती है कि अमेरिका का विश्व पर दबदबा है, इसकी हरी झंडी मिलने से ही विश्व में कोई काम होते हैं, तो वही महाराष्ट्र मुंबई को भारत की राजधानी के रूप में जाना जाता है, तो झारखंड को आदिवासी गढ़, इन जनजातियों का सबसे बड़ा सुबह तो यूपी को पीएम की कुर्सी तक जाने का रास्ता माना जाता है, इसलिए विश्व की टकटकी नजरें इसके परिणाम जानने के लिए उत्सुक है। परंतु इन चुनावी माहौल में देश व राज्यों में माहौल अति तेज गरमाया हुआ है।एक औरजहां अमेरिकी राष्ट्रपति की वूमेन विरोधी छवि तो वही हैरिस की ब्लैकिश छवी है, परंतु टक्कर जोरदार होनी है,तो वहीं भारत में इस माहौल में नारों का नगाड़ा धूम धड़ाक्के से बज रहा है। सबसे पहले यूपी सीएम ने बटेंगे तो कटेंगे नारा दिया, हरियाणा फतेह हुआ वहीं इस नारे को आरएसएस व पीएम का भी सपोर्ट आधार मिला जिससे यूपी के पूर्व सीएम युवा नेता हड़बड़ा गए, व नारा दिया जुड़ेंगे तो जीतेंगे फिर पूर्व सीएम मायावती क्यों पीछे रहेगी उन्होंने भी नारा दिया जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, फिर अब पीएम ने भी एक सभा में नारा दिया एक है तो सेफ हैं इन सब नारों की चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। अब सवाल है क्या नेता वोटरों को नारों में उलझा पाएगी? समझदार वाटर किसके साथ जाएंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय राजनीति में नारों की गूंज, बटेंगे तो कटेंगे बनाम जुड़ेंगे तो जीतेंगे प्लस जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे इक्वल टू एक है तो सेफ है।

साथियों बात अगर हम यूपी सीएम द्वारा दिए गए नारे बटेंगे तो कटेंगे की करें तो,यूपी में उपचुनाव के बीच पोस्टर के स्लोगन की सियासत शुरू हो गई है।यूपी सीएम के नारे बंटेंगे तो कटेंगे पर संघ परिवार की मुहर के बाद इसके अब होर्डिंग दिखने लगे हैं। पोस्टर के जरिए पार्टी के हिंदुत्व के एजेंडे को धार मिल रही है। वहीं इस नारे को लेकर विपक्ष नेयूपी सीएम को घेरना भी शुरी कर दिया है।एसपी के अध्यक्ष ने सीएम के नारे पर टिप्पणी करते हुए राजनीतिक इतिहास का सबसे खराब नारा बताया है।सीएम ने आगरा में एक कार्यक्रम में कहा था कि आप देख रहे हैं बांग्लादेश में क्या हो रहा है? वे गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा पर पहुंचेंगे। इसके बाद यह स्लोगन तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।यूपी के साथ ही देश की राजनीति में भी इन दिनों एक नारे को लेकर जबरदस्त चर्चा चल रही है। यह नारा बटेंगे तो कटेंगे का है। यह नारायूपी सीएम ने दिया है। अब सपा ने उनके इस नारे पर जोरदार पलटवार किया है। बता दें यूपी में नौ विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव की वजह से चुनावी माहौल काफी गर्म है। इस उपचुनाव में सपा और बीजेपी के बीच जोरदार टक्कर है।बुलडोजर एक्शन के बाद अब सीएम का एक स्लोगन भी चल पड़ा है।जैसे 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में हर जगह बुलडोजर छाया रहा, अभी सीएम का दिया एक नारा सबसे ज्यादा चर्चित है,बंटेंगे तो कटेंगे- और चुनावी माहौल में सीएम की बात को संघ से लेकर पीएम तक एनडोर्स कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सीएम के नारे बटेंगे तो कटेंगे के प्रभाव की भी परख होगी। वजह ये है कि उपचुनाव को खुद फ्रंट से लीड कर रहे यूपी के सीएम के इस नारे को विपक्ष की जातीय गोलबंदी के काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस नारे ने हाल ही में हरियाणा चुनाव में रंग दिखाया है और महाराष्ट्र, झारखंड में भी इसकी गूंज सुनाई पड़ रही है। ऐसे में ये तय है कि यूपी उप चुनाव की रैलियों और जनसभाओं में ये नारा गूंजेगा। वहीं अब इस नारे को संघ का समर्थन मिलने के बाद 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सियासी रणनीति इसके इर्द-गिर्द होने के संकेत भी मिल रहे हैं।




साथियों बात गअगर हम यूपी युवा नेता द्वारा दिए गए नारे जुड़ेंगे तो जीतेंगे कि करें तो,यह नारा देकर कार्यकताओं को बड़ा संदेश दे दिया है।वहकार्यकताओं से एक साथ आने और आपस में जुड़ने की बात करते दिख रहे हैं। दरअसल, पिछले दिनों कई स्थानों पर पार्टी कैडर में बिखराव की आशंका जताई जा रही है। वहीं,यूपी की राजनीति में यादव वोट बैंक में बिखराव की भी आशंका गहराई है। इसलिए,युवा नेता जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा देते दिख रहे हैं।युवा नेता ने कहा नारे हमेशा सकारात्मक होने चाहिए। नकारात्मक नारा हमेशा कमजोर लोग ही देते हैं। उन्होंने कहा कि हम तो कहेंगे, जुड़ेंगे तो जीतेंगे। नारे को आगे बढ़ते हुए वह कहते हैं कि पीडीए जुड़ भी रहा है और जीत भी रहा है। युवा नेता यूपी के सीएम पर हमलावर रुख अपनाते हुए दिखते हैं। यूपी के सीएम के बयान बटेंगे तो कटेंगे पर काफी चर्चा हो रही है। इसके पलटवार में समाजवादी पार्टी ने भी एक पोस्टर जारी किया है, जिसपर लिखा है,जुड़ेंगे तो जीतेंगे, अब यूपी की एक और प्रमुख पार्टी बसपा भी इस बयानबाजी में शामिल हो गई है। बसपा चीफ ने कहा कि बसपा का नारा,बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे, है। उन्होंने कहा कि जब से बसपा ने उपचुनाव में उतरने का ऐलान किया है, सपा और बीजेपी की नींद उड़ी हुई है। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने हैं, जिसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। साथियों बात अगर हम पूर्व सीएम मायावती के नारे जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे की करें तो, बसपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक बयान जारी करते हुए लिखा,यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में बीएसपी के दमदारी से उतरने से भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है। इसीलिए विकास से लोगों का ध्यान हटाने के लिए बीजेपी ने बटेंगे तो कटेंगे और सपा ने जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारे दिए हैं। उनकी दोगली नीतियों से बचने के लिए बेहतर यही है कि आप हमेशा तक बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे।

## बीच हमारे एर-गैर न होता

गर तजुर्बा मेरा ढेर न होता,
मुकम्मल मेरा शेर न होता '

ताज हमारे ही सिर पर होता,
किस्मत का ऐसा फेर न होता ।

बनते तेरे मेरे दिल के रिश्ते,
बीच हमारे एर-गैर न होता ।

अब कहां हैं, हीर और रांझे,
प्यार तो ऐसा,खैर न होता,

मेरी तो बस एक ख्वाहिश थी,
तेरे लिए मैं इतना गैर न होता ।

जीत जाते इश्क की बाजी संजीव,
तकदीर से इस कदर बैर न होता।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# भारत को 2047 तक विकसित देश का दर्जा हासिल कर लेना चाहिए, जो हमारी आजादी का 100वां साल होगा

डॉ. मोहम्मद वसी बेग

अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, और घोषणा की है कि भारत को 2047 तक विकसित देश का दर्जा हासिल करना चाहिए - जो हमारी स्वतंत्रता के 100 वें वर्ष का प्रतीक है। आर्थिक विकासः भारत की जीडीपी वृद्धि महत्वपूर्ण है। अनुमानों के मुताबिक, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2060 तक सकल घरेलू उत्पाद में अमेरिका से भी आगे निकल सकता है।

हालाँकि, कम से कम 8% की वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखना आवश्यक है।

बुनियादी ढांचे में निवेशः भारत को बुनियादी ढांचे-सड़कों, रेलवे और डिजिटल नेटवर्क के आधुनिकीकरण में निवेश जारी रखना चाहिए। कनेक्टिविटी प्रगति की कुंजी है।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाः सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना समझौता योग्य नहीं है। एक सुशिक्षित कार्यबल नवाचार और उत्पादकता को बढ़ाता है। पर्यावरणीय जिम्मेदारीः पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास को संतुलित करना महत्वपूर्ण है। भारत टिकाऊ प्रथाओं और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर नेतृत्व कर सकता है।

समावेशी विकासः आय असमानता और गरीबी उन्मूलन को संबोधित करना सर्वोपरि है। विकास की राह पर कोई भी पीछे नहीं रहना चाहिए।

विकसित देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा बहुआयामी है। यह मुख्य रूप से अपनी कम जीवन प्रत्याशा और प्रति व्यक्ति आय के कारण एचडीआई रैंक में पीछे है, जिसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सरकारी खर्च के साथ सुधारा जा सकता है।

इसके लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, पर्यावरणीय प्रबंधन और दूरदर्शी नेतृत्व के नाजुक संतुलन की आवश्यकता है। दृढ़ संकल्प, रणनीतिक योजना और सामूहिक प्रयास से हम अपने राष्ट्र को प्रगति के प्रतीक में बदल सकते हैं।

# छठ पूजा पर विशेष : छठ पूजा साक्षात देव सूर्य को अर्घ्य देने का व्रत

छठ पूजा प्रसिद्ध भारतीय व्रत त्यौहारों में से एक है जो बिहार और झारखंड, पूर्वी यूपी, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बैंगलोर, चंडीगढ़, गुजरात, बैंगलोर, छत्तीसगढ़ और नेपाल के क्षेत्रों सहित भारत के कई अन्य स्थानों में मनाया जाता है। यह विक्रम संवत के कार्तिक महीने में दीपावली के बाद आने वाली छठवें दिवस को मनाया जाता है। छठ पूजा, सूर्य देवता को समर्पित एक प्राचीन हिन्दू त्योहार है। यह त्योहार चार दिनों तक चलता है और कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल सप्तमी को खत्म होता है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा सूर्य, प्रकृति, जल, वायु और उनकी बहन छठी मइया को समर्पित है ताकि उन्हें पृथ्वी पर जीवन की देवतायों को बहाल करने के लिए धन्यवाद, छठी मैया, जिसे मिथिला में रनबे माय भी कहा जाता है, भोजपुरी में सबिता माई और बंगाली में रनबे ठाकुर बुलाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक, छठी मैया सूर्य देव की बहन है। यह व्रत सूर्य देव और उनकी पत्नी उषा की पूजा के लिए समर्पित है। छठ पूजा पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने के लिए भगवान को धन्यवाद देने और दिव्य सूर्य देव और उनकी पत्नी का आशीर्वाद लेने के लिए मनाया जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि सूर्य कई स्वास्थ्य स्थितियों को ठीक करता है और दीघार्यु, प्रगति, सकारात्मकता, समृद्धि और कल्याण प्रदान करता है। इसके अलावा, छठ का मुख्य दिन वास्तव में छठ पूजा का पहला नहीं बल्कि तीसरा दिन होता है। यह व्रत लोगों द्वारा कठोर दिनचर्या का पालन करते हुए मनाया जाता है जो चार दिनों तक चलता है, इस त्यौहार के अनुष्ठानों और परंपराओं में उपवास, उगते और डूबते सूर्य को प्रार्थना करना, पानी में खड़े होकर पवित्र स्नान और ध्यान करना शामिल है। छठ पूजा होली के बाद गर्मियों में भी मनाई जाती है, लेकिन कार्तिक महीने में मनाई जाने वाली छठ का अधिक महत्व है और लोग इसे बड़े उत्साह से मनाते हैं। हालाँकि, अपने गृहनगर से दूर रहने वाले लोग इस त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में यात्रा कर अपने गृह नगर पहुंचते हैं। छठ एक ऐसा व्रत त्यौहार है जो पवित्रता, भक्ति और सूर्य देव को प्रार्थना करने के बारे में है; इस त्यौहार की सटीक उत्पत्ति अस्पष्ट है लेकिन कुछ मान्यताएँ हैं जो हिंदू महाकाव्यों से जुड़ी हैं। रामायण और महाभारत दो महाकाव्य हैं जो छठ पूजा से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि छठ पूजा की शुरूआत भगवान राम से हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि जब भगवान राम अयोध्या लौटे तो उन्होंने और उनकी पत्नी सीता ने सूर्य देव के सम्मान में व्रत रखा और इसे डूबते सूरज के साथ ही तोड़ा। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो बाद में छठ पूजा में विकसित हुआ।




सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

# नेताओं के बिगड़े बोल पर निशाने पर ही क्यों होती है महिलाये ?

एक ओर तो महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक मौका देने की बात राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं की ओर से की जाती है और दूसरी ओर ऐसे बयान भी सामने आते हैं जिससे नेताओं के बोलों से आम जनता को शर्म आने लगाती है . क्योंकि नेताओं के विवादित और फूहड़ बोल हमेशा सुर्खियां बटोरते हैं पर बाद में उन्हें शर्मिदगी भी उठानी पड़ती है और कुछ को कानून का सामना भी करना पड़ता है ।

आमतौर पर इन नेताओं के निशाने पर महिलाएं होती हैं, फिर चाहे वह महिला राजनीति से जुड़ी हो या नहीं। उनके लिए महिलाएं आसान निशाना होती हैं, क्योंकि इनके रंग, रूप, कद-काठी, मोटापे या बालों को लेकर वे बड़ी आसानी से कुछ भी बोलकर निकल जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव शायद 2024 का देश में वर्ष का आखरी चुनाव हो लेकिन हर साल की तरह इस साल भी महिलाओं के खिलाफ फूहड़ बयान सुनने को मिलते रहे, जिससे यह तो स्पष्ट हो गया कि आखिर राजनेताओं का एक बड़ा समूह महिला आरक्षण विधेयक का विरोधी क्यों रहा था ।

हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल होने के बाद शिव सेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने शाइना एनसी को आयातित माल कहकर विवाद खड़ा कर दिया। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने कहा था कि वह (शाइना एनसी) अब तक भाजपा के साथ थीं। जब उन्हें वहां (टिकट) नहीं मिला तो वह दूसरी पार्टी में चली गईं। आयातित सामान यहां स्वीकार नहीं किया जाता है। यहां मूल सामान स्वीकार किया जाता है। सावंत ने मीडिया से कहा कि हमारा सामान असली है।अब उन्हें कानून का सामना करना पड़ रहा है । सांसद अरविंद सावंत पहले नेता नहीं है जिन्होंने महिलाओं पर भद्दी टिपण्णी करदी हो भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचता रहता है। आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है ।ये बोल किसी एक पार्टी के नेता के नहीं है लगभग सभी पार्टियों के नेताओं की जबान महिलाओं के मामले में फिसलती रहती है । साल 2010 की बात है जब महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पारित होने के लिए पेश किया गया तो मुलायम सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का मौजूदा स्वरूप नौजवानों को संसद में सीटी बजाने के लिए उकसाएगा। साल 2014 में उनके दिए एक बयान की काफी आलोचना हुई। बदायूं में दो बहनों के साथ गैंगरेप मामले पर मुरादाबाद में उन्होंने कहा कि लड़कियां पहले दोस्ती करती हैं इसके बाद लड़का-लड़की के बीच जब मतभेद हो जाता है तो इसे रेप का नाम दे देती हैं। लड़कों से गलती हो जाती है। वहीं इसी लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेता दिलीप घोष ने कहा था कि दीदी गोवा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं गोवा की बेटी हूं', फिर त्रिपुरा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं त्रिपुरा की बेटी हूं। तय करें कि आपका पिता कौन है। सिर्फ किसी की बेटी बनना अच्छा नहीं है। साल 2012 की बात है तब कांग्रेस में रहे संजय निरुपम ने बीजेपी नेता स्मृति ईरानी पर टीवी डिबेट के दौरान निजी हमले करने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'स्मृति आप मुझे मेरा अतीत याद दिला रही हैं, लेकिन आप क्या थीं? आप तो पैसों के लिए टीवी पर ठुमके लगाती थीं और आज राजनीतिक विश्लेषक बन गईं। यह बात भी साल 2012 की है जब तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने एक ऐसा बयान दिया जिस पर हंगामा मच गया। निर्भया गैंगरेप के बाद पूरा देश गुस्से से उबल रहा था और अभिजीत यह कह बैठे की ये तो फैशनेबल रंगी पुती महिलाओं को प्रदर्शन है। हंगामा बढ़ा तो उन्होंने माफी मांग ली थी ।



अशोक भाटिया, मुंबई

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है । एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था।शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था, 'साउथ की महिला जितनी ज्यादा खूबसूरत होती है, जितना ज्यादा उसकी बॉडी। वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत्य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क्या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं।उसके अलावा शरद यादव ने राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान वसुंधरा राजे को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कह दिया था कि राजे बहुत मोटी हो गई हैं और उन्हें आराम की जरूरत है। पहले पतली थी। इसी तरह महिला आरक्षण पर परकटी महिलाएं यानी छोटे बाल वाली महिलाओं को लेकर उनका बयान काफी सुर्खियों में रहा था। महिला आरक्षण का उस वक्त संसद में विरोध करते हुए शरद ने कह दिया था कि इस विधेयक के जरिए क्या आप परकटी महिलाओं की सदन में एंट्री कराना चाहते हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना।

कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था। छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# ट्यूशन पढ़कर लौट रहे कक्षा 10 के छात्र की मौत, सदमे में ताई पैरालाइज, गांव में मातम

**बागपत (आरएनएस)।** ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रहे कक्षा 10 के छात्र को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। मेरठ के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया है।



पटोली निवासी अरविंद का 16 वर्षीय पुत्र विशान्त पिलाना के नेहरू स्मारक इन्टर कालेज में कक्षा 10 का छात्र था। वह रोजाना पिलाना ट्यूशन पढ़ने जाता था। वह पिलाना से लौट रहा था तो गांव पटोली-पिलाना मार्ग पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। विशान्त गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे पहले पिलाना में निजी चिकित्सक के पास पर ले गये, जहां हालत खराब होने पर बालैनी अस्पताल में ले गये। बाद मे मेरठ के एक अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान विशान्त की मौत हो गई।

विशान्त की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना दे रहे थे। तभी विशान्त की ताई सुनीता सदमे में आ गईं और अचानक पैरालाइज हो गईं। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया। विशान्त के पिता अरविंद ने थाने मे अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# पत्रकारों के हौसलों को सलाम बिना सुरक्षा के करते हैं दिन-रात कार्य: यशु सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के टीचर कॉलोनी में सैनी जी घेवर वालों की ओर से वार्ड पांच के सभासद यशु सैनी के कार्यालय पर दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कस्बे के

**भाजपा सभासद के कार्यालय पर किया गया पत्रकारों का सम्मान समारोह,एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम, दर्जनों पत्रकार रहे मौजूद**

पत्रकारों को फूल माला पहनाकर स्वागत करने के साथ ही उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को सैनी जी घेवर वालों की ओर से वार्ड पांच के सभासद यशु सैनी के कार्यालय पर दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनी जी घेवर वालों के मालिक राजेश कुमार सैनी ने कहा कि आज के इस दौर में पत्रकारिता करना किसी युद्ध से कम नहीं है। हमारे पत्रकार साथी अपनी जान पर खेल कर पीड़ित लोगों की समस्याओं को अपने अखबार के माध्यम से प्रकाशित करते हैं। मीडिया सेंटर के अध्यक्ष विनय बालियान ने कहा कि हम सब लोगों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने चाहिए। मीडिया क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हम सब लोगों को अपनी लेखनी के माध्यम से गरीब लोगों की समस्याओं को उजागर करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार तनुज कुमार ने कहा कि हम सब पत्रकार साथियों को एकजुट होकर दीपावली मिलन और ईद मिलन के कार्यक्रम करने चाहिए, साथ ही उन्होंने वार्ड पंच से सभासद यशु सैनी का धन्यवाद किया। सभासद यशु सैनी ने कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार बंधुओ को




संबोधित करते हुए कहा कि अगर पत्रकार बंधुओ के मान सम्मान की बात आती है तो वह तन मन धन से अपने पत्रकार बंधुओ के साथ रहेंगे और उनकी लड़ाई लड़ने का कार्य करेंगे। मैं आपके जज्बे को सलाम करता हूं कि आप बिना सिक्योरिटी के क्षेत्र में रहकर समाज को जागरूक करने के साथ ही समाज के दबे कुचले लोगों की समस्याओं को उजागर करते हैं। सभासद यशु सैनी ने समस्त पत्रकार बंधुओ का आभार जताते हुए पत्रकार बंधुओ को प्रशस्ति पत्र देने के साथ ही उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान फुरकान जंग, आरिफ जंग, इस्तखार भाटी, पवन जैन, मुनव्वर हसन, इलियास जंग, देवेंद्र कुमार, नासिर अली, मोहित शर्मा, जुल्फिकार अली, साजिद सिद्दीकी, सादिक सिद्दीकी, मुनव्वर जंग, सोनू ठाकुर, जाकिर राणा सहित आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# 05 नवम्बर को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर में होगा रोजगार मेले का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने बताया कि 05 नवम्बर को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में इण्टरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, तथा डिप्लोमा शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित निजी क्षेत्र की कम्पनी एसबीआई लाईफ साईन्स, भारत फाईनेन्स, श्रीराम पिस्टन, एमजी ऑटोमोबाइलस, पुखराज हेल्थ केयर तथा डा0 रेड्डी फाउन्डेशन प्रतिभाग कर रही हैं। अभ्यर्थियों हेतु लाईफ मित्र, फील्ड असिस्टेंट ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, टेक्नीशियन, तथा फील्ड एक्जीक्यूटीव पद हेतु साक्षात्कार कर रोजगार दिये जायेगे। इन पदों हेतु रू0 8500-18300 वेतन प्रस्तावित किया गया। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन अवश्य करायें तथा पंजीयन के यूजर आईडी०/पासवर्ड से लॉगिन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप कम्पनी का चयन कर ऑनलाईन आवेदन अवश्य करें। जिन अभ्यर्थियों का पोर्टल पर पंजीयन नहीं है वह भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले से सम्बन्धित सम्पूर्ण चयन साक्षात्कार प्रक्रिया निशुल्क की जायेगीं। मेले में प्रतिभागी सभी अभ्यर्थियों के शिक्षण, प्रशिक्षण, कॅरियर रोजगार एवं स्वरोजगार से सम्बन्धित अनेक अवसरों से परिचित कराया जायेगा। रोजगार मेले की समग्र प्रक्रिया निःशुल्क संपन्न करायी जाती है।वर्तमान परिवेश की आवश्यकताओं के फलस्वरूप युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रमं एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल roj-gaarsangam. up.gov.in का विकास कराया गया है। बेरोजगार के हितार्थ एकीकृत पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउन्सिलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है। बदलते परिदृश्य में युवाओं को रोजगार की नयी संभावनाओं पर विचार करना आवश्यक है। परिबर्धित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से युवा अपना भविष्य स्वयं निर्धारित करें।

# राला शुगर मिल के 93वें पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दौराला।** चीनी मिल के 93वें नवीन पेराई सत्र 2023-24 का सोमवार को हवन पूजन के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर श्रीराम समूह के एमडी माधव बी श्रीराम ने शुभारम्भ किया।श्रीराम समूह के एम. डी. माधव बी श्रीराम द्वारा पहली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आये ग्राम दौराला के कृषक सतपाल सिंह पुत्र श्री सुखबीर सिंह को माला पहनाकर व शॉल ओढाकर कर सम्मानित किया।माधव बी० श्रीराम के पुत्र रोहन बी. श्रीराम ने भी किसान को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया।वरिष्ठ महाप्रबन्धक संजीव कुमार द्वारा भी प्रथम बुग्गी लाने वाले कृषक को माला व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मिल क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख राहुल देव भोलू चैयरमैन परवेन्द्र मीठेपुर कुलदीप वलीदपुर अशोक झिटकरी सुनील कालन्द शेखर भूनी राकेश काक्केपुर सतबीर जंगेठी सिकन्दर सहन्सर प्रधान छुर व अन्य लगभग 500 गणमान्य किसानों की गरिमामयी उपस्थिति में कैन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई प्रारम्भ की गयी। इसके बाद किसान भाइयों को जलपान कराकर विदा किया गया।श्रीराम समूह के एम.डी.माधव बी श्रीराम जी व रोहन श्रीराम ने उपस्थित सभी किसान भाईयों को नवीन पेराई सत्र की शुभकामनाएँ दी तथा सफल एवं सुरक्षित पेराई सत्र की कामना की।मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक संजीव कुमार खाटियान ने कृषकों से आह्वान किया कि मिल को साफ एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें तथा मिल के सुचारू रूप से संचालन में विगत वर्षो की भांति सहयोग करें।श्रीराम समूह के एम.डी. माधव बी श्रीराम जी, उदय श्रीराम व रोहन श्रीराम ने उपस्थित सभी किसान भाईयों को नवीन पेराई सत्र की शुभकामनाएँ दी



तथा सफल एवं सुरक्षित पेराई सत्र की कामना की। मिल के मुख्य महाप्रबन्धक संजीव कुमार खाटियान ने कृषको से आह्वान किया कि मिल को साफ एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। इस अवसर पर चीनी मिल के प्रेसीडेन्ट संजय रस्तौगी वरिष्ठ महाप्रबन्धक संजीव कुमार जे०पी० तोमर अभिषेक तोमर डा० प्रणव राणा पंकज कुमार सरधना चेयरमैन निजाम अंसारी मोंटी सोम, राहुल चौहान व अन्य चीनी मिल अधिकारी के साथ-साथ दौराला गन्ना समिति के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमर प्रताप सिंह एवं सचिव प्रदीप कुमार उपस्थित रहें।

# एसपीएल: कुम्हारान नाइट राइडर्स ने सरधना नाइट राइडर्स को 56 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर के संत चार्ल्स इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे एसपीएल सीजन-4 में सोमवार को हुए मैच में कुम्हारान नाइट राइडर्स ने सरधना नाइट राइडर्स को 56 रन से हराया। सोमवार को खेले गए मैच में कुम्हारान नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हु निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसार पर 234 रन का लक्ष्य रखा। आशु ने 23 गेंद में 62 रन की तेज तर्रार पारी खेली।रजत ने 30 गेंद में 59 रन का योगदान दिया। सरधना नाइट राइडर्स के शिवम ने 4 ओवर में 46 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरधना नाइट राइडर्स की टीम 16.2 ओवर में सभी विकेट खोकर केवल 178 रन बना सकी। मोहम्मद दानिश ने 30 गेंद में 56 व कप्तान आदर्श ने 16 गेंद में 42 रन की विस्फोटक पारी खेली। अरूण शर्मा ने 3.2 ओवर में 4 व




अभिषेक राय ने 3 ओवर में 3 विकेट हासिल किए। कुम्हरान नाइट राइडर्स ने 56 रन से मैच अपने नाम किया। अरूण शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान फरमान अंसारी, खलीक अहमद,शाहवेज अंसारी, शानू जैन,शहजाद सितारा, पियूष त्यागी,खालिद अंसारी, शाहिद मलिक, गुलफाम मलिक,राहुल पाल, नदीम, फहीम, सुहैल, शाहनवाज कुरैशी,शाकिर अंसारी, सोनू फैसल, फुजैल मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सडक सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागो की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओ को रोकने के लिए समेकित रूप से की गयी कार्यवाही पर विचार किया गया। बैठक में संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 29 अनऑथोराइज्ड कट बंद करा दिये गये है। अपर जिलाधिकारी नगर ने निर्देशित करते हुये कहा कि जो नये कट बन गये है उनको बंद कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि हिट एंड रन एवं गोल्डन ऑवर से संबंधित समस्त अस्पतालो को दिशा-निर्देश निर्गत कर दिये गये है।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा मार्गवार सडक दुर्घटना, विभिन्न अपराधो के विरूद्ध किये गये चालान, लाईसेंस निलंबन की कार्यवाही एवं सडक सुरक्षा हेतु जागरूकता संबंधी कार्यवाही आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो पुरुष व एक महिला घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर कार की टक्कर से अलग-अलग बाइक पर सवार दो पुरुष एक महिला घायल हो गई, एंबुलेंस चालक के द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बागपत जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकोहपुर निवासी प्रिंस पुत्र हरेंद्र अपने गांव से बाइक पर सवार होकर हरियाणा अपनी रिश्तेदारी गोहाना में जा रहा था, बाइक सवार जैसे ही क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया, बाइक सवार का संतुलन बिगड़ जाने से साइड में चल रहे दूसरी बाइक से टकरा गई, बाइक पर सवार मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सिसौली निवासी ऋतिक पुत्र सुशील एवं निशा पुत्री सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने सूचना एंबुलेंस को दी, एंबुलेंस चालक ने पुलिस व राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, तहरीर आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### कार चालक को पुलिस ने भेजा जेल, बस चालक की तलाश में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर दो दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई तीन मौत के मामले में पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार चालक को जेल भेज दिया है, रोडवेज बस चालक की तलाश कर रही है। परिजन पोस्टमार्टम होने के बाद शव अपने साथ ले गए,और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल कैन ई कट दो दिन पूर्व करकी टक्कर से बाइक सवार राहुल एवं उसके भतीजे रौनक निवासी लियोन खेती की मौत हो गई थी एवं 3 वर्ष का बालक किट्टू गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।और मृतक राहुल के पिता जयवीर ने कार चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया था, सोमवार को पुलिस ने कार चालक हारून निवासी लोनी जनपद गाजियाबाद को जेल भेज दिया, परिजन शव पोस्टमार्टम के बाद अपने साथ ले गए। दुसरी और जनपद बागपत के गांव विजयवाड़ा निवासी बाइक सवार पंकज एवं उसकी चचेरी बहन सलोनी को एलम बाईपास मार्ग पर मिनी बस ने अपनी चपेट में ले लिया था, सलोनी की मौके पर ही मौत हो गई थी, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था,बस चालक बस छोड़कर भाग गया था। मृतक युवती के पिता बिजेंद्र की ओर से पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।सोमवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन अपने साथ ले गए,और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि कार चालक को जेल भेज दिया है, बस चालक की तलाश की जा रही है,जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### सिरसी के पूर्व चेयरमैन का बेटा निकला फोटोग्राफर से कैमरा लूटने का मास्टरमाइंड

**सिरसी।** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी बिलारी मार्ग पर 17 अक्टूबर की रात बदमाशों ने हजरत नगर गढ़ी निवासी आसिफ से कैमरा लूटा था तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी 2 नवम्बर शनिवार की शाम को पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर को जाने वाले रास्ते पर पुलिस मुठभेड़ में फोटो ग्राफर से लूट में शामिल सिरसी निवासी 25 हजार के इनामी बदमाश शाहरुख को पकड़ लिया था जबकि दूसरा भाग गया था शाहरुख के अलावा इस लूट में तीन बदमाश और शामिल थे परवेज पुत्र शौकीन, इमरान पुत्र रफत अली और साजेब पुत्र वसीम चेयरमैन निवासी मोहल्ला सादक सराय फरार हैं पुलिस इन बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# दरोगाओं को बंधक बनाकर मारपीट का मामला, पिस्टल छीनने का भी हुआ प्रयास

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के परीक्षितगढ़ में अवैध वसूली और छेड़छाड़ के आरोप में बंधक बनाकर मारपीट के मामले में आरोपी दरोगा सतेंद्र ने ग्रामीणों पर पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी भी दी थी। ग्रामीणों ने इस दौरान पिस्टल छीनने का भी प्रयास किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शनिवार देर रात तक ग्रामीणों का थाने पर हंगामा रहा। फरार हुए आरोपी दरोगाओं का मेडिकल आधी रात के बाद कराया गया। मेडिकल में एल्कोहल की पुष्टि नहीं हुई। मामले में सीओ सदर देहात की जांच अभी जारी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही मामले में कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर दोनों दरोगाओं को बचाने का आरोप लगाया है। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप**

परीक्षितगढ़ थाने में तैनात दरोगा सतेंद्र और प्रशिक्षु दरोगा शिवम शनिवार शाम गांव गोविंदपुरी में पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों नशे में थे और दुकानदारों से अवैध वसूली कर रहे थे। महिलाओं से छेड़छाड़ का भी आरोप है। वसूली का विरोध करने पर दरोगा सतेंद्र ने एक बुजुर्ग महिला को थप्पड़ जड़ दिया था। गांव के ही हरेंद्र ने विरोध किया तो दोनों दरोगाओं ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। इसके बाद पिंटू के घर में घुसकर पटाखे बेचने के नाम पर रकम की मांग की। उसके घर में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान ग्रामीण मकान के बाहर एकत्र हो गए और विरोध करने लगे। आरोप है कि इस पर नशे में धुत दरोगा ने ग्रामीणों के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। उन्हें जेल भेजने और पिस्टल तानने की धमकी दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने पिस्टल छीनने का प्रयास करते हुए दोनों दरोगाओं को



बंधक बना लिया। दोनों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट कर दी। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। सीओ सदर देहात नवीना शुक्ला परीक्षितगढ़, किठौर, मवाना, भावनपुर थाने से फोर्स लेकर मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दरोगा सतेंद्र कई दिनों से दुकानदारों को परेशान कर रहा था। आए दिन किसी न किसी को डरा-धमकाकर वह अवैध वसूली करता था। विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी देता था। ग्रामीणों ने दोनों दरोगाओं को निलंबित किए जाने और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। करीब तीन घंटे बाद ग्रामीणों ने दोनों दरोगाओं को बंधन मुक्त किया। कार्रवाई की मांग को लेकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में ग्रामीण भी थाने पहुंच गए थे। मेडिकल से पहले दोनों दरोगा फरार हो गए थे। बाद में दोनों को तलाश कर 12 बजे के बाद मेडिकल कराया गया। मामले की जांच एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मामले की जांच सीओ सदर देहात को सौंपी है। सीओ का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**पुलिस की छवि हुई दागदार**

दो दरोगाओं की हरकत से पुलिस की छवि धूमिल हुई है। एक मामला लगभग दो माह पूर्व सामने आया था। ग्राम ऐत्ममादपुर में सिपाही धीरज ने 500 रुपये की रिश्वत ली थी, इसका वीडियो वायरल हो गया था। जांच के बाद एसएसपी ने सिपाही को सस्पेंड कर दिया था। कार्रवाई के बाद भी पुलिस सुधरने को तैयार नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश हवा हवाई**

सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश थे। दीपावली के पर्व पर प्रदूषण को रोकने के लिए पटाखों की ब्रिकी नहीं होने दी जाए। अगर किसी क्षेत्र में पटाखों की ब्रिकी होती है तो पुलिस जिम्मेदार होगी। लेकिन परीक्षितगढ़ पुलिस खुद ही पटाखों के नाम पर अवैध वसूली करने लगी। पुलिस उच्चाधिकारियों ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की।

**बैठक** | **सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय**

# सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय सदस्य ने विकास भवन सभागार में मेरठ मंडल के अधिकारियो के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा मेरठ मंडल के संबंधित अधिकारियो के साथ मैन्युअल स्केवेंजर्स अधिनियम 2013 के मंडल में लागू होने/पालन करने की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य ने कहा कि अधिकारी स्वच्छकारो को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का लाभ दिलाये। उन्होने कहा कि नगर निकायो में मृतक आश्रित के लंबित मामलो का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सफाई कर्मियो की समस्याओ का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। उन्होने मंडल स्तर पर मैन्युअल स्केवेंजर्स की पहचान हेतु पुनः सर्वेक्षण करवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मैन्युअल स्केवेंजर्स को कौशल विकास में प्रशिक्षण दिलाया जायेगा, स्वः रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जायेगा तथा केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ में उनको प्राथमिकता दी जायेगी। मैन्युअल स्केवेंजर्स के बच्चो को उच्च शिक्षा के लिए कम दरो पर ऋण तथा सब्सिडी दी जायेगी।



उन्होने संबंधित अधिकारियो को मैन्युअल स्केवेंजर्स के फार्म भरकर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम को प्रेषित करने के निर्देश दिये।उन्होने मंडल के संबंधित अधिकारियो से आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर निकायो में तैनात सफाईकार्मिको के वेतन भुगतान, जीवन बीमा, ईएसआई, ईपीएफ एवं न्यूनतम मजदूरी की जानकारी लेते हुये स्वच्छकारो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मेरठ को सुन्दर बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छकार एवं जनता को जागरूक करने की आवश्यकता होगी, संबंधित अधिकारी स्वच्छकारो की भर्ती हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करें। उन्होने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नायक मातादीन चौक का सौदर्यीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वच्छकारो का देयक भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाये। उन्होने संबंधित अधिकारी को स्वच्छकारो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किये जाने हेतु स्वच्छकारो की बस्ती में कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होने स्वच्छकारो की बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण व अन्य विकास कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्वच्छकार मा0 प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता में है तथा उनके लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। सरकार की मंशा अनुरूप स्वच्छकारो को लाभ व सहयोग सुनिश्चित किया जाये। संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओ को प्राथमिकता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये कार्यवाही करें।इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अप नगर आयुक्त ममता मालवीय, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास पंखुरी जैन, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मंडल के समस्त जनपदो के संबंधित अधिकारी, समस्त ईओ, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता के स्वागत के चलते लगा लम्बा जाम, पुलिस बनी मूकदर्शक

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**संभल/बहजोई।** बीजेपी नेता के स्वागत में नियम-कानून की खूब धज्जियां उड़ाई गईं और पुलिस खामोश बनी रही। बीजेपी नेता दीपक गोयल अपनी गाड़ियों के काफिले के साथ तमाम कार्यकताओं से बीच सड़क पर स्वागत कराने लगे। इस बीच चौराहे पर काफी देर तक जाम लगा रहा और उसमें ऐंबुलेंस भी फंसी रही। बीजेपी के गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल अपने काफिले के साथ सोमबार को बहजोई पहुंचे थे। यहां पर भाजपा नेता दीपक गोयल गौशालाओं का निरीक्षण करने पहुंचे थे :यहां इस्लामनगर चौराहे पर स्वागत के दौरान जाम लग गया जिसमें एक एंबुलेंस भी फस गई` एंबुलेंस बार-बार अपना सायरन बजाकर रास्ता मांग रही थी परंतु बीजेपी कार्यकर्ता और बीजेपी के नेता इतने मदहोश थे के उन्हें किसी की जान की कोई फिक्र ही नहीं थी ।
जबकि उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीआईपी कल्चर और इस तरह की चीजों से बचने की अपने नेताओं और कार्यकताओं को कई बार सलाह दी है परंतु नेता है कि अपनी आदतों से बाज ही नहीं आते है।

# आईसीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर की ऑनलाइन चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चन्दौसी।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एनईपी-2020 के मानकों को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से समाज विकास संस्थान आगरा के द्वारा राज्यस्तरीय ऑनलाइन ह्यआईसीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वर्तमान शिक्षा में योगदानह्य पर आधारित एक कार्यशाला गूगल मीट पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार करने में एससीइआरटी यूपी द्वारा जनपद सम्भल से लगातार दो बार चयनित स्टेट आईसीटी विजेता राखी अग्रवाल और जनपद रायबरेली से स्टेट आईसीटी विजेता विनीत श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों शिक्षकों ने कार्यशाला के महत्व और विद्यालयों में आईसीटी आधारित गतिविधियों के प्रयोग पर आधारित अपने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद से एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रो0 व विभागाध्यक्ष तथा उज्बेकिस्तान सरकार के सलाहकार डॉ० दानिश अथर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक रविकांत द्विवेदी, इंजीनियरिंग कॉलेज आगरा के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतीक सक्सेना तथा जवाहर नवोदय विद्यालय फिरोजाबाद के प्रवक्ता डॉ० बलवंत राज भदावर रहे। साथ ही जनपद संभल के जिलाधिकारी डॉ० राजेंद्र पेंसिया, उप मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बुद्ध प्रिय, मुरादाबाद मंडल, जनपद संभल की बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने अपने आशीष वचनों से सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के 31 जनपदों के बेसिक शिक्षा में कार्यरत 80 से भी अधिक शिक्षकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला में जनपद आगरा से श्रीकांत कुलश्रेष्ठ, मुरादाबाद से डॉ० सचिन शुक्ला, झांसी से मोहनलाल सुमन, फतेहपुर से विपिन कुमार त्रिपाठी, जनपद भदोही से विवेक श्रीवास्तव आदि अनेकों अध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों में शिक्षण के अंतर्गत प्रयोग की जा रही आई०सी०टी० और ए०आई० तकनीकों से संबंधित अपनी पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यशाला में जनपद संभल के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक जनपद संभल, नोडल पीएमश्री विद्यालय एवं समस्त प्रधानाध्यापक पीएमश्री विद्यालय जनपद संभल द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ० दानिश अथर ने वर्तमान शिक्षण पद्धतियों एवं भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रतीक सक्सेना और डॉ० बलवंत राज ने आईसीटी आधारित कक्षा-कक्षाओं के निर्माण पर जोर दिया। रवि कांत द्विवेदी ने निपुण भारत मिशन की सफलता में आईसीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समन्वय को स्थापित करने पर बल दिया। कार्यशाला का संचालन आगरा से भौतिक विज्ञान की प्रवक्ता आकांक्षा द्वारा किया गया। कार्यशाला में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये।

# नगर में चलाया गया विद्युत चेकिंग अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** सोमवार को उपखंड अधिकारी प्रथम अजय शुक्ला द्वारा बताया गया कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार महेश चंद्र अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण उपखंड, वरुण कुमार अवर अभियंता हनुमानगढी, अभिषेक कुमार अवर अभियंता तहसील, अजय कुमार अवर अभियंता पॉवर हाउस, तथा लाइन स्टाफ के साथ घरेलू विद्युत बकाये पर सघन चेकिंग अभियान डोर टू डोर शहर के हाई लाइन लॉस फीडर सीकरी गेट , उपकेन्द्र तहसील से मोहल्ला सीकरी गेट पर चलाया गया इस अभियान के तहत 90 घरों को चेक किया गया जिसमें की 20 लोगों की लाइन बकाए पर कटवाए गए तथा 28 लोगों से बिल वसूली की गई जिनका कुल धनराशि 2.3 लाख थे। इस अभियान के अंतर्गत कुल 2 मीटर भी बकाया पर उखाड़े गए, जिनका लंबे समय से बिल जमा नहीं थे । 03 लोगों का लोड भी बढ़ाया गया। इस माह मे अभियान लगातार शहर के सभी मोहल्लो में जारी रहेगा। अतः सभी से अनुरोध है कि अपने विद्युत बकाये को समय से जमा करा दें तथा किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने वाला भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के सम्बन्ध में ग्राम अल्लीपुर बुजुर्ग नि0 व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई थी कि उसकी आराजी गाटा सं0 185 रकवा 0.842 हे0 जो ग्राम कासमपुर जगरुप तह0 चन्दौसी में स्थित है। आरोपियों द्वारा वादी व वादी के भाई के फर्जी आधार कार्ड व अन्य कागजात तैयार कराकर उक्त जमीन का फर्जी बैनामा अन्य के नाम कर दिया गया। तहरीर के आधार पर चन्दौसी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गई जिसमें अभियुक्त नरेन्द्र पुत्र हरपाल नि0 कासमपुर जगरुप थाना बनियाठेर जनपद सम्भल को आवास विकास चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने में निरीक्षक अपराध नरेशपाल सिंह व सिपाही अंकुश कुमार का सहयोग रहा।



# गाजियाबाद की घटना से गुस्साए अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में की जमकर नारेबाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ।** गाजियाबाद में जज और अधिवक्ताओं में हुई तीखी झड़प के बाद जज के आदेश के बाद अदालत के अन्दर ही पुलिस द्वारा किये गए लाठीचार्ज के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है ' इस घटना से

## लाठी चार्ज करने वालों के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

अधिवक्ताओं में रोष है ' सोमवार को चंदौसी बार ऐसोशिएसन चंदौसी के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष नजर कुरैशी के नेतृत्व में न्यायलय परिसर के बाहर जमकर प्रदर्शन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ और अधिवक्ता एकता के नारे लगाए ' अधिवक्ताओं का कहना है कि गाजियाबाद जिला जज के आदेश पर न्यायालय परिसर में पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया गया जिससे कई अधिवक्ता लहू लुहान तथा घायल हुए हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उक्त प्रकरण पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिश परिसर द्वारा प्रकरण की जॉच हेतु बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पांच सदस्यों की जाँच समिति गठित की है, जाँच समिति की आख्या आने के पश्चात उसमें जो भी न्यायिक प्रशासनिक या पुलिस अधिकारियों द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज में संलिप्त सभी दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई।



# कानूनी प्रावधानों की जानकारी हेतू वितरित किये पम्पलेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत सम्भल पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को कार्यक्रम कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ मिशन शक्ति में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी जा रही है ।

उक्त योजनाओं के साथ-साथ महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को 'गुड टच व बैड टच' के बारें में जागरूक किया गया तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर निम्न नंबरों या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

# बैखौफ तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप के कैशियर से साढे 5 लाख की लूटे

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गजरौला (बच्चन सिंह)।** हाइवे स्थित भानपुर रेलवे फाटक के नजदीक बैखौफ तीन बदमाशों ने दिन दहाड़े पेट्रोल पंप के कैशियर से साढ़े. पांच लाख रुपये की नगदी से भरा बैग लूट लिया। कैशियर के साथ जा रहे सिक्योरिटी गार्ड पर बदमाशों ने पेंचकस से वार किए। बचाव में सिक्योरिटी गार्ड ने भी दो राउंड फायरिंग की, माना जा रहा है कि गोली से दो बदमाश जख्मी भी हुए हैं। हालांकि घटना को अंजाम देकर तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रा में हलचल मच गई और पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना करते हुए अधीनस्थों को शीघ्र घटना में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार के निर्देश दिए। वहीं घायल सिक्योरिटी गार्ड का उपचार नगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि हाइवे पर मुरादाबाद दिशा में स्थित बीपी पेट्रोल पंप व तड़का होटल एक ही परिसर में संचालित हैं। इस पेट्रोल पंप के कैशियर गांव दरियापुर के रहने वाले जबर सिंह बाइक से सिक्योरिटी गार्ड सोमपाल सिंह के साथ हसनपुर मार्ग पर स्थित एसबीआई बैंक में साढ़े पांच लाख रुपये का कैश जमा करने जा रहे थे। इस दौरान भानपुर रेलवे फाटक पर अंडरपास के पास बाईं और खड़े. एक बदमाश ने तेजी दिखाते हुए बाइक की चाबी निकाल ली और पीछे बैठे सिक्योरिटी गार्ड के चेहरे पर पेचकस से वार किया। वहीं दूसरे बदमाश जबर सिंह से नकदी से भरा बैग लूटने के लिये छीनाझपटी करते रहे। इध्र गार्ड ने साहस दिखाते हुए दो बदमाशों पर फायर भी किया जो कि उनके पैरो में लगा, बाबजूद इसके बदमाश जबर सिंह को गन प्वाईंट पर लेकर नकदी भरा बैग लूटने में कामयाब रहे और घटना को अंजाम देकर फरार भी हो गए। हालांकि सिक्योरिटी गार्ड ने उनसे एक तमंचा छीन भी लिया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल सिक्योरिटी गार्ड को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और अधीनस्थों को घटना के शीघ्र अनावरण करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ने कैशियर जबर सिंह व सिक्योरिटी गार्ड से भी घटना के बारे में बिंदुवार जानकारी ली और पेट्रोल पंप पर जाकर भी सीसीटीवी आदि चेक किए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटना के खुलासे के लिये जुटी हुई थी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाली पदों पर जल्द ही नियुक्ति की जाएगी, कुल 311 पद के लिए 15 हजार महिलाओं ने आवेदन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाली पदों पर भर्ती के लिए लंबा इंतजार खत्म हो गया। शासन ने हरी झंडी दी है लेकिन नए आवेदन नहीं होंगे। जिन महिलाओं ने 27 अप्रैल से पहले आवेदन किए हैं, उनके आवेदनों पर ही विचार होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद के लिए 48 आवेदक आए हैं। आवेदन फार्म दो दिन में छांटे जाएंगे, फिर मेरिट बनेगी। इसके बाद नियुक्तियां की जाएंगी।
जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 311 पदों के लिए 15,000 आवेदन आए। सॉफ्टेवयर में त्रुटि की वजह से एक व्यक्ति का आवेदन बार-बार शो कर रहा है। त्रुटियों को दूर कराया जा रहा है। आवेदनों की छंटनी करने के बाद ही मेरिट सूची बनेगी।

**इन महिलाओं को मिलेगी प्राथमिकता**

जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए इंटरमीटिएट न्यूनतम योग्यता है, लेकिन मेरिट में परास्नातक तक की योग्यता का मूल्यांकन होगा। विधवा, परितक्तयता और गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी। अगले दो महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होगी।

**12 साल बाद हो रहीं नियुक्तियां**

बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों के लिए 2011-12 में नियुक्तियां हुईं थीं। अब 12 साल बाद नियुक्तियां हो रही हैं। बाल विकास मुख्यालय पूरे प्रदेश के लिए में सॉफ्टवेयर तैयार किया है। विभाग फार्म शार्ट आउट किए जाने के बाद मेरिट सूची बनाएगा।

**सौंपा ज्ञापन** | गाजियाबाद में वकीलों पर किए गए लाठीचार्ज पर जिला मुख्यालय पर किया वकीलों ने विरोध प्रदर्शन

# अपनी मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**संभल/ बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन बहजोई के अध्यक्ष हितेश कुमार गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेश पर कलेक्ट्रेट परिसर में बार की एक आपात बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता हितेश कुमार गुप्ता एडवोकेट ब संचालन प्रेमशंकर राणा एडवोकेट ने किया बैठक में शामिल सभी अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और गाजियाबाद में दिनांक 29 अक्टूबर को हुई जिला जज के आदेश पर वकीलों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज का कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए अनिश्चितत काल के लिए कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया और बिरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च किया और ज़िला जज गाजियाबाद को तथा दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर मुकद्दमा पंजीकृत कराने के साथ-साथ अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू करने की मांग का एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा को सौपा गया ' बैठक मे अर्जुन सिंह,देवेश कुमार, प्रेमशंकर राणा, पूनम सिंह अमरीक यादव ,नीरज यादव आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे ।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ की गई कार्रवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** सोमवार को यातायात माह के तृतीय दिवस पर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस जनपद सम्भल द्वारा जनपद सम्भल के सभी कस्बों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।
जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दो पहिया वाहनों पर तीन या तीन से अधिक सवारी बैठा कर वाहन चलाने वाले 31 वाहन चालकों का एम0वी0 एक्ट के अन्तर्गत चालान किया गया तथा यातायात नियमों पर निबंध लिखवाकर उनको भविष्य में ऐसी गलती की पुनरावृत्ति न करने हेतु सचेत किया गया।
इसके अतिरिक्त यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार मान जनपद संभल द्वारा बदायूं चुंगी चंदौसी पर एक एंबुलेंस को रोककर पूछताछ की गई तो उसके चालक द्वारा बताया गया कि उसकी एम्बुलेंस अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली में संचालित है। यातायात प्रभारी द्वारा एम्बुलेंस को चैक किया गया तो उसमें आठ सवारी जिनमें से कोई भी व्यक्ति बीमार नहीं था एंबुलेंस में बैठे मिले एम्बुलेंस की फिटनेस भी निकली हुई थी। इसके बाद उक्त एंबुलेंस को सीज कर कोतवाली चंदौसी में निरुद्ध किया गया, साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 217 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही कर 3500 रुपए नकद जुमार्ना वसूला गया। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

# भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली शुगर मिल के मुख्य गेट पर सोमवार को भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।धरने से पहले संगठन के लोगों ने ट्रैक्टर रैली निकाली।कई घंटे धरना देने के बावजूद मांगे आधार में रह गई।मिल प्रबंधन तंत्र ने शराब फैक्ट्री के पास की सड़क का निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने और शेष मांगों के लिए 18 नवंबर को मिल मालिक से वार्ता कर समाधान कराने का आश्वासन दिया है।जिसके बाद संगठन ने धरना स्थगित कर दिया। भाकियू जिलाध्यक्ष पवन हूण ने कहा कि जिले की दोनों शुगर मिलों पर करीब 192 करोड़ रुपए बकाया है।जबकि दो दिन बाद मिल का नए पेराई सत्र शुरू हो जाएगा।उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को शुगर मिल से चीनी और सोम खाद (मैली) कम दरों पर दी जाएं।समाधान नहीं होने पर हाईवे पर जाम लगाने की सूचना धरना स्थल पर पहुंचे गढ़ तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह और थाना प्रभारी ने समझा बूझकर किसानों को शांत किया।उसके बाद 18 नवंबर को मिल मालिक से वार्ता कर समाधान कराने के आश्वासन दिया और मिल मालिक से वार्ता नहीं करने पर महाप्रबंधक करन सिंह और गन्ना महाप्रबंधक विश्वास राज सिंह नौकरी से त्यागपत्र देंगे।इसी शर्त पर संगठन के पदाधिकारी ने धरना स्थगित कर दिया।

# लखनऊ के नवनियुक्त सीएमओ से मिले चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के पदाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ प्र के पदाधिकारियो ने लखनऊ के नये सी एम ओ डॉ॰ एन बी सिंह से मुलाकात की और नये पद ग्रहण पर पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। पदाधिकारियो में मुख्य रुप से लखनऊ जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा,यू पी लैब टेक्नीशियन के महामंत्री कमल श्रीवास्तव,यू पी लैब टेक्नीशियन के लखनऊ जिला अध्यक्ष महेश कुमार,चिकित्सा स्वास्थ महासंघ के उपाध्यक्ष रजत यादव,प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार,सदस्य सत्यप्रकाश,राजेश कुमार चौधरी,राजेश वरुण सहित कई सदस्य उपस्थित थे।पदाधिकारियो ने डॉ सिंह से जिले स्तर पर कर्मचारियों की तमाम समस्यों पर चर्चा की जिस पर डॉ॰ सिंह ने हर सम्भव मदद का आसवासन दिया।डॉ सिंह ने कर्मचारियों से मिल कर जिले व प्रदेश में फैले संक्रामक रोगों पर रोक लगाने तथा और इन रोगों को और न फैलने देने पर काम करने और सहयोग की इच्छा जाहिर की,जिस पर संघ के पदाधिकारियो ने एकमत होकर सहयोग का आसवासन दिया। डॉ॰ सिंह और पदाधिकारियो के बीच कर्मचारियों के बेहतर कार्यक्षमता को और अधिक बढ़ाने पर चर्चा हुई तथा माह में एक बैठक कर्मचारी और अधिकारियों की करने पर सहमति दी। संघ के पदाधिकारियो ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को हर समय कर्मचारियों से सहयोग की भुमिका में रहने का आसवासन दिया। डॉ॰ सिंह ने कहा की वो जल्द ही जिले के प्रत्येक ग्रामीण और शहरी चिकित्सालयों का भ्रमण कर उच्च कोटि की कार्य शैली की बढ़ाने पर कार्य करेगे और चिकित्सालयों पर होने वाली समस्यों को तत्काल खत्म करने पर काम करेगें।जिससे प्रदेश व जिले की जनता को सरकार की मंशा के अनुरुप बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा की मैं जिले के प्रत्येक जनता के अच्छी स्वास्थ्य सेवाओ के लिए कटिबंध हूँ । डॉ॰ सिंह इससे पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ,बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में कार्यरत थे।

# जेल में बंदियों का मनोबल बढ़ाने, उन में पल रहे तनाव को कम करने एवं मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध अभिनेता एवं मूल रूप से शाहजहांपुर में जन्मे पले बड़े श्री राजपाल यादव का कार्यक्रम आयोजित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** जेल में बंदियों का मनोबल बढ़ाने, उन में पल रहे तनाव को कम करने एवं मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध अभिनेता एवं मूल रूप से शाहजहांपुर में जन्मे पले बड़े श्री राजपाल यादव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके आगमन पर सर्वप्रथम जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया । उनके द्वारा सरस्वती मां को पुष्प माला तथा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।





जेल अधीक्षक मिजाजी लाल द्वारा स्टेज पर उन्हें शाल उड़ाकर एवं राधा कृष्ण की सुंदर प्रतिमा सम्मानित किया गया। जेल के सभी अधिकारियों के द्वारा भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष (नि) श्री अजय यादव, अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व श्री सुरेश कुमार क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति यादव उपाधीक्षक पुलिस इशिका सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर एवं श्री राजपाल यादव का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी गुप्ता के द्वारा श्री राजपाल यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के पदाधिकारियों द्वारा भी श्री राजपाल यादव को पुष्प गुच्छ व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि गणों में प्रसिद्ध व्यवसायी अशोक अग्रवाल विनोद सर्राफ, कुलदीप सिंह दुआ, प्रसिद्ध कवि इंदू भूषण पांडे द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इन सभी अतिथियों द्वारा भी श्री राजपाल यादव का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सोशल व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा सूक्ष्म सूचना पर पधार कर कार्यक्रम को कामयाब बनाया।

सभी के साथ प्रसिद्ध अभिनेता ने फोटो शूट करवाया। श्री राजपाल यादव के द्वारा इस अवसर पर आयुर्वेदिक वाटिका में पारिजात का पौधा भी रोपित किया गया। अभिनेता द्वारा अबतक 200 से अधिक फिल्मों में काम किया है। उनकी अगली फिल्म भूल-भुलैया रिलीज होने वाली है।तथा दो अन्य फिल्में भी दिसंबर व जनवरी में रिलीज होगी। बंदियों द्वारा उनके स्वागत में स्वागत गान भी गाया। श्री राजपाल यादव द्वारा अपने सम्बोधन में बंदियों को अनेक सारगर्भित बातें कही जो उनके जीवन को आमूलचूल बदल सकती हैं। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह कारागार के पास ही राजकीय इंटर कॉलेज में पड़े हैं तथा यही की मिट्टी में पले बड़े हुए हैं। उन्होंने 35 वर्ष पहले शाहजहांपुर छोड़ दिया था और मुंबई में रहने लगे लेकिन दीपावली और होली का त्यौहार अपने गांव में ही अपने मां-बाप के साथ मनाते हैं और यहां की मिट्टी को सलाम करने आते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं जेल की दीवारों के पास बाहर से गुजरता था तो मुझे बहुत डर लगता था लेकिन आज जेल के अंदर जाकर इतना सुकून और खुशी महसूस कर रहा हूं की जेल के अंदर भी इतना सुंदर हरा भरा और सकारात्मक तरंगों भरा वातावरण हो सकता है जिसकी मैं कल्पना भी नहीं की यहां के जेल अधीक्षक मिजाजीलाल कि मैं जनपद में प्रशंसा तो बहुत सुनी थी किंतु उनका व्यवहार और जेल के अंदर का वातावरण देखकर के मुझे अलग ही अनुभूति हो रही है उनके सानिध्य में रहकर सभी बंदी अपना आंतरिक परिमार्जन करें और एक नया इंसान बनकर यहां से बाहर जाएं।

उनके द्वारा जिंदगी में हर स्तर पर समझौता बादी दृष्टिकोण अपने पर विशेष जोर दिया और कहा कि और कहा कि यदि आप जिंदगी में समझौता करना सीख जाए तो आपको जिंदगी में कभी दुख हो ही नहीं सकता। अपने जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में क्या कब क्यों कैसे और कौन इसकी पड़ताल करने के उपरांत ही निर्णय करना चाहिए। उन्होंने अपनी अनेक पुरानी फिल्मों के डायलॉग बंदियों को सुना कर खूब मनोरंजन किया और उनके द्वारा खूब तालियां बटोरी गई। जैसे -अपनी फिल्म चुप-चुप के का डायलॉग "मैं कोई मंदिर का घंटा हूं जिसे एक के बाद एक बजते ही जा रहे हो"और" अर्ध"फिल्म का डायलॉग"मैं अगर जिंदा हूं तो मुझे जिंदा रखा गया है अपने सपनों को पूरा करने के लिए" कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा श्री राजपाल यादव एवं सभी आमंत्रित जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं गढ़ मान्य अतिथि गणों का आभार और धन्यवाद व्यापित किया।


# गले में टॉफी फंसने से कानपुर में बच्चे की मौत के बाद बेहाल मां की भी हालत खराब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** गले में टॉफी फंसने से हुई 4 साल के बच्चे की मौत के गम में बेहाल उसकी मां की हालत भीखराब हो चली है वह कल से लेकर आज सोमवार को भी कई बार बेहोश हुई। लगभग यही हाल उसके बुजुर्ग बाबा और दादी का भी है।

- फ्रूटोला नाम की किंडरज्वॉय की तरह बाजार में बिकने वाली टॉफी खाने से हुई बच्चे की मौत
- बच्चों के गम में मां कई बार हुई बेहोश ,बाबा और दादी की भी हालत खराब

यह हृदय विदारक घटना यहां बर्रा जरौली फेस-1 में रहने वाले राहुल कश्यप के 4 साल की बेटे के साथ हुई। उन्होंने अपने 4 साल के बेटे अन्वित के लिए रविवार शाम को मोहल्ले की एक दुकान से फ्रूटोला नाम की किंडरज्वॉय की तरह बाजार में बिकने वाली टॉफी खरीदी थी, जिसे खाते ही टॉफी बच्चे के गले में फंस गई और उसको सांस लेने में दिक्कत होने लगी।इसके बाद मां सोनालिका ने पानी पिलाया तो टॉफी गले के और अंदर जाकर फंस गई। इससे सांस लेने में ज्यादा तकलीफ होने पर माता-पिता बच्चे को पास के एक निजी अस्पताल और वहां से दूसरे अस्पताल ले गए। करीब 3 घंटे तक बच्चा तड़पता रहा,लेकिन बच्चे को सही इलाज नहीं मिल सका और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद उसकी मां की हालत सबसे ज्यादा खराब है और लगभग यही हाल उसके बुजुर्ग बाबा और दादी का भी है। बेटे के वियोग में बेहाल मां सोनालिका तो घटना के बाद से लेकर आज सोमवार को भी कई बार रोते-रोते बेहोश भी हो गई। कोई दूसरी ओर बदरा पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम कराए जाने से इनकार करने पर बच्चों के शव को परिजनों के हवाले करने के साथ ही मामले की जांच भी की जा रही है।



# छठ पूजा त्योहार और भारतीय संस्कृति परम्परा का पर्व है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** छठ पूजा एक त्योहार और भारतीय संस्कृति सभ्यता का महत्व पूर्ण पर्व है जो उत्तर भारत सहित पड़ोसी देश नेपाल में भी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है और इस त्योहार पर अपनी अलग छटा देखने को मिलता है क्योंकि कि यह पर्व आस्था श्रद्धा और विश्वास भक्ति भावना से प्रेरित है वहीं सूर्य देव की पत्नी ऊषा के लिए समर्पित पर्व है जो प्रथ्वी पर जीवन का समर्थन करने के लिए भगवान को धन्यवाद देने सूर्य देव उनकी पत्नी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मनाया जाता है क्योंकि कि सूर्य अध्रय से स्वास्थ्य दीघार्यु प्रगति सकारात्मक सम्रद्धी कल्याण होता है और यह पर्व चार दिन तक बराबर चलता है और नहाएं खाएं डूबकी लगाएं के लिए भी जाना जाता है इसमें सूर्य पूजा चन्द्रमा पूजा उगते और डूबते सूर्य की पूजा अर्चना प्रार्थना पानी में खड़े होकर की जाती है पवित्र स्नान किया जाता है वहीं इस पर्व का धार्मिक पौराणिक महत्व भी है क्योंकि कि राजा प्रियव्रद जो निःसंतान थे उन्हें छठ पूजा कर संतान मिलने का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था तभी उन्होंने छठ पूजा अर्चना करते हुए संतान प्राप्त होने के लिए वरदान मांगा था और उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई थी इस लिए महिला इस पर्व को संतान प्राप्त होने संतान के सुंदर सुखद उज्जवल भविष्य की कामना के लिए भी बड़े विधिः विधान के साथ इस पर्व को मनाते हैं और यह पर्व वैदिक त्योहार है जिसका वर्णन रामायण महाभारत में भी है वहीं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता ने भी अयोध्या नगरी वापस लौट कर रामराज्य की स्थापना के लिए कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि में सूर्य की उपासना की थी और द्रोपदी ने पांडवों के लिए छठ व्रत रखकर आशीर्वाद मांगा था तो पांडवों को राजपाट वापस मिला था और दानवीर कर्ण जो कि सूर्य पुत्र थे वह भी प्रति दिन सूर्य उपासना करते थे और आज इस पर्व का



प्रस्तुति, महताब खान चांद

इतना बड़ा महत्व है कि उत्तर भारतीय संस्कृति सभ्यता से यह सीधे तौर पर जुड़ गया है और उत्तर भारतीय किसी भी पर्व पर अपने धरो मैं आने जाने से बच सकते हैं लेकिन इस पर्व को वह अपने धर पर अपने परिवार के साथ ही खुशियों के साथ मिलकर मनाते हैं और दीपावली पर्व के बाद से ही छठ पूजा के घाटों को सुन्दर आकर्षक बनाने की तैयारी शुरू कर दिया जाता है तथा घाटों को सुन्दर आकर्षक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाती है और छठ पूजा अर्चना करने के लिए नदी किनारे घाटों और नालों के थडो को सजा संवार कर चार दिन के लिए तैयार किया जाता है और अदरक चीनी खाकर उपवास तोड़ा जाता है यह परम्परा अलग अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरह से भी होता है जो उपवास तोड़ने के लिए होता है वहीं खीर चावल चूरमा आदि व्यंजनों की भी खूब भरमार होती है और सड़क रेल बस नगर गांव नदी नालों घाटों पर हर तरफ छठ पूजा की रौनक चमक धमक साफ नजर आती है और महिलाओं को इस पर्व का बड़ा हिस्सा माना जाता है क्योंकि कि महिला अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए चार दिन तक सूर्य पूजा अर्चना करते हुए व्रत रखकर इस पर्व को श्रद्धा आस्था के साथ मिलकर मनाते हैं।

# अवैध बोरवेल को लेकर पहाड़गंज में कई गेस्ट हाउस और होटल होंगे सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अवैध बोरवेल का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जब कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को मध्य दिल्ली जिलाधिकारी ने पहाड़गंज में अवैध बोरवेल के संबंध में अपनी स्थिति रिपोर्ट सौंपी है जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। पहाड़गंज में 43 होटल व गेस्ट हाउस मालिकों के खिलाफ कुर्की के वारंट जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को मध्य दिल्ली जिलाधिकारी ने पहाड़गंज में अवैध बोरवेल के संबंध में अपनी स्थिति रिपोर्ट सौंपी है जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पहाड़गंज में 441 में से 398 होटल व गेस्ट हाउस मालिक दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पास 3.98 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। इसके अलावा 309 होटल व गेस्ट हाउस मालिकों ने अंडरटेकिंग भी दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि बाकी बचे होटल व गेस्ट हाउस जिन्होंने अभी तक अधिकरण के निर्देशों का पालन नहीं किया है। उनके खिलाफ सीलिंग अभियान शुरू किया जाएगा। ऐसे में डीएम ने अदालत से अनुमति मांगी है। एनजीटी ने 3 सितंबर के आदेश में जिलाधिकारी को स्थिति बताने को कहा था। अदालत ने पिछले आदेश में कहा था कि इस तरह की सीलिंग मुहिम से होटल व गेस्ट हाउस के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। अधिकरण ने निर्देश दिया था कि कोई भी होटल व गेस्ट हाउस पर्यावरण क्षति शुल्क जमा करता है और अनुमति के लिए आवेदन करता है। सभी मानदंडों का पालन करने और नियमित जल शुल्क का भुगतान करने का वचन देता है तो संबंधित प्राधिकारी उस होटल व गेस्ट हाउस के खिलाफ बोरवेलों की सीलिंग की कार्रवाई को सुनवाई की अगली तारीख तक स्थगित कर देगा। डीएम ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया कि दिल्ली जल बोर्ड ने जिलाधिकारी को सूचित किया है कि 17 होटल मालिकों को अपने मौजूदा बोरवेल से भूजल निकासी के संबंध में डीजेबी से वैध सहमति प्राप्त है।

# आवारा गोवंश से हो रही मौत और दुर्घटनाओं का जिम्मेदार कौन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** जनपद बिजनौर में विभिन्न क्षेत्रों में बराबर सड़कों पर धूम रहें आवारा गोवंश के चलते सड़कों पर बराबर दुर्घटना हो रही है और बराबर मौतें भी हो रही है लेकिन प्रशासन नगर पालिका नगर पंचायत ग्राम पंचायत इस मामले में गम्भीर नहीं नजर आ रही है और बराबर जनहानि हों रहीं हैं जबकि जनपद में पन्द्रह हजार गोवंश संरक्षित है ।

जो कान्हा गो शाला पशु आश्रम स्थल गोशाला में में है और पन्द्रह सौ गोवंश किसानों ने गोद लिया है लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य स्थानों पर आवारा गोवंश सड़कों पर धूम रहें हैं और सड़कों पर बैठे गोवंश किसी भी समय उठ खड़े होते हैं और तेजी से आ रहे वाहनों से टकराते हैं क्योंकि वाहन चालक अपनी गति से चल रहे हैं लेकिन अचानक उठ खड़े हुए गोवंश के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं या गोवंश वाहनों के सामने आकर वाहनों से टकराते हैं तो बराबर दुर्घटना हो रही है



और गत दिनों बिजनौर में हुई सड़क दुघर्टना में तीन जवान मौत हो गई और तीन जिंदगियां अस्पताल में भर्ती हैं और मामला उच्च स्तर पर पहुंच गया है जबकि राज्य स्तर जिला स्तर पर गो संरक्षण समिति बनाई गई है और गो रक्षा सुरक्षा संवर्धन के लिए बाकायदा कमेटी गठित किया गया है लेकिन जनपद स्तर पर बैठकें मात्र औपचारिकता पूरी कर ली जाती है जबकि बहुत सारी संस्था गो रक्षा सुरक्षा संवर्धन के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है और अगर ऐसी संस्थाओं ऐसे गो सेवकों को जिला स्तरीय समितियों में बुलाया जाए उन्हें नामित किया जाए और उन्हें जिम्मेदारी दी जाए ताकि मूल रूप से जमीनी स्तर पर गौ रक्षा सुरक्षा संवर्धन किया जा सके वहीं दुर्घटना में धायल गोवंश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जा सकें और समय-समय पर गोशाला पशु आश्रय स्थल पर जाकर जिला स्तरीय समितियों को गो सेवकों के साथ जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जाए तो व्यवस्था में सुधार आ सकता है और जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए जनसहभागिता करने से इस मामले में काफी सुधार हो सकता है और अकारण मौत और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकता है।

# लाटरी निकलने का झांसा देकर साइबर ठग ने युवती से ठगी किया

**नजीबाबाद।** आज कल मोबाइल पर आनलाइन काल रिसीव करना भी महंगा पड़ रहा है क्योंकि आनलाइन ठगी करने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं और तरह तरह से ठगी कर रहे हैं और कम्पनी बैंक संस्था या दुर्घटना के नाम पर काल कर अपना शिकार बना रहे हैं ऐसा ही मामला ग्राम हरसुवाडा निवासी एक युवती के साथ हुआ जब उसे पच्चीस लाख की लाटरी निकलने का झांसा देकर आधार कार्ड मांगा और चार हजार रुपए फीस जमा करने को कहा इसके बाद युवती ने अपने परिवार में बताया तो ठगी का मामला सामने आ गया और फिर काल रिसीव नहीं किया इससे पूर्व भी नगर तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के मामले प्रकाश में आए हैं लेकिन साइबर ठगी करने वाले लोग सक्रिय हैं।

# नवेली दुल्हन लेने गया दूल्हा पुरानी ने आकर हंगामा कर मारपीट किया

**अफजलगढ।** एक व्यक्ति ने पहले ही शादी कर रखी थी और फिर दूसरी शादी करने की खबर लगते ही पहली पत्नी ने शादी मैं आकर जमकर हंगामा किया और मारपीट किया जबकि मौहल्ला जेनुल आब्दीन निवासी एक व्यक्ति की शादी दो साल पहले गांव शेरगढ़ में हुई थी और शादी के दो दिन बाद दूल्हा विदेश चला गया और दोनों पक्षों में इस बात को लेकर मुकदमे बाजी शुरू हो गई और अब दो साल बाद दूल्हा लौटा तो अपनी रिश्तेदारी में दूसरी शादी तय कर लिया तभी सूचना पर पहली पत्नी मैरिज हाल पहुंच गयी और जमकर हंगामा कर मारपीट किया तो शादी में अफरातफरी मच गई और पहली पत्नी चोटिल हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया और दोनों पक्षों की तहरीर पर आगे की कार्यवाही शुरू किया जाएगा।

**जवाबदेही** हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान

# जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही : केशव प्रसाद मौर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ (लेख राम मौर्य)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना ।

जनता दर्शन मे कौशाम्बी, आगरा, लखनऊ, लखीमपुर, गोण्डा, जौनपुर, एटा, सोनभद्र, मथुरा, फिरोजाबाद, रायबरेली, कानपुर नगर, शामली, बलिया, फतेहपुर, कन्नौज, मुरादाबाद बलरामपुर सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# किसी भी दिवस पर जनसुनवाई करते हुए शिकायतों का शीध्र निस्तारण किया जाए : जिला अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चांदपुर।** समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते हुए जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि तहसील दिवस समाधान दिवस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मानिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है इसलिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें और शिकायत कर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा इस अवसर पर सत्रह शिकायतें दर्ज हुई और दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और अवसर पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर कौशलेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है : सुरेंद्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में सोमवार को मिशन शक्ति फेस- 5 के अंतर्गत यातायात संबंधी नियमों पर विस्तार से चर्चा की गई 'कस्बा चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह (मिशन शक्ति टीम प्रभारी)व उप निरीक्षक ज्योति चौधरी ने यातायात के नियमों के बारे में बताया तथा सड़क पर चलते समय किन सावधानियो का ध्यान रखना चाहिए' यात्रा करते समय दो पहिया वाहन पर हेलमेट तथा चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करनी चाहिए,नशे की हालत में वहान नहीं चलना चाहिए, वाहनों की गति पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि अकस्मात आने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके' वर्तमान समय





में होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का कारण यातायात नियमों की अनदेखी है यदि हम यातायात नियमों का पालन करेंगे तो आकस्मिक सड़क दुर्घटनाओं से काफी हद तक बचे रहेंगे कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मदन सिंह,कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक ज्योति चौधरी, आरक्षी अंकित, महिला आरक्षी प्रेरणा,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, इंद्रपाल सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार, लोकेंद्र कुमार, अरविंद कुमार शर्मा, योगेंद्र कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अगवानपुर में अपहरण कर किशोरी से किया दुष्कर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत अगवानपुर के एक मोहल्ले से शनिवार देर रात चाकू के बल पर युवक ने किशोरी का अपहरण कर लिया। आरोपी ने मिनी ट्रक के केबिन में उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब सात घंटे बाद किशोरी मिनी ट्रक के केबिन में मिली। उसके हाथ-पैर बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा



हुआ था। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रिहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।अगवानपुर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने बताया कि आठ साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती है। शनिवार की रात महिला बच्चों के साथ घर में सो रही थी। रात करीब एक बजे एक युवक टूटे दरवाजे से घर में घुस गया। उसने 16 वर्षीय किशोरी की गर्दन पर चाकू रखकर अपहरण कर लिया।रविवार सुबह आठ बजे जब महिला जागी तो बेटी घर में नहीं थी। इसके बाद महिला ने सभी बच्चों को जगाया। उसने देखा कि बेटी गायब है। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। महिला परिवार के लोगों के साथ बेटी की तलाश करती रही। अगवानपुर चौराहे से लेकर छजलैट तक खोजा गया लेकिन किशोरी घर के पास ही खड़े मिनी ट्रक के केबिन में पड़ी थी। किशोरी सात घंटे तक केबिन में पड़ी रही। वह इस घटना से घबराकर अपने घर में कैद हो गई है। परिवार के लोगों से भी वह ज्यादा बातचीत नहीं कर रही है। करीब डेढ़ सौ मीटर दूर ईदगाह मार्ग पर खड़े मिनी ट्रक से खटपट की आवाज आने पर परिजन वहां पहुंचे। मिनी ट्रक के केबिन में किशोरी निर्वस्त्र मिली।

# जनपद के परिषदीय 350 स्कूलों में किचन गार्डन के लिए धन हुआ जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय स्कूलों में किचन गार्डन विकसित करने के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। प्रदेश के 18285 परिषदीय स्कूलों के लिए सरकार ने 9.14 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रत्येक विद्यालय को पांच हजार रुपये मिलेंगे, जिसे किचन गार्डन के निर्माण में खर्च किया जाएगा।

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में किचन गार्डन को और विकसित करने के लिए प्रत्येक स्कूल को पांच-पांच हजार रुपये दिए गए हैं। मुरादाबाद में 1401 स्कूलों में से अभी 350 स्कूलों को पांच हजार रुपये दिए गए हैं। इन स्कूलों में जिले में 325 स्कूलों को किचन गार्डन विकसित करने के लिए पैसे जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक विद्यालय को पांच हजार रुपये के हिसाब से यहां पर 16 लाख 25 हजार रुपये जारी कर




दिए गए हैं। साथ ही निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां फूल, पौधे और सब्जियां बोएं। इसके अलावा बच्चों को पर्यावरण को लेकर जागरूक भी करें। किचन गार्डन में सब्जियां, फूल और फल उगाए जाएंगे। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा। बच्चे स्कूलों में पढ़ाई के साथ ही मौसमी सब्जियां और फल भी उगा सकेंगे। लौकी, तरोई, करेला और भिंडी आदि सब्जी हो या केला, पपीता और अनार जैसे फल, इनके पौधे बच्चे रोपित कर सकेंगे। साथ ही इन पौधों से लेकर किचन गार्डन के रखरखाव की जिम्मेदारी बच्चों की भी होगी। बच्चों को पौधों की सुरक्षा से लेकर बागवानी तक के गुर सिखाए जाएंगे। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरूआत से ही जिम्मेदारी का बोध हो, इसको लेकर सरकार की यह बेहतर पहल है। जिले में कई स्कूलों को किचन गार्डन के लिए बजट दिया गया है। बजट का प्रयोग कितना और कैसे किया गया, अब इसकी सघन मॉनीटरिंग के साथ ही पड़ताल की जाएगी।

# जन औषधि केंद्र की संख्या 6 गुना बढी, अब मरीजों को आसानी से मिलेगी दवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना का दायरा जनपद में काफी तेजी से बढ़ा है। योजना के अंतर्गत शहर में संचालित होने वाले जनऔषधि केंद्रों की संख्या छह गुना बढ़ गई है। कुछ समय पहले तक शहर में सिर्फ सात जनऔषधि केंद्र ही संचालित हो रहे थे।योजना के अंतर्गत देशभर में 25 हजार नए जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद मुरादाबाद में भी नया केंद्र खोलने के लिए लोगों की तरफ से आवेदनों की झड़ी लग गई।

जिला अस्पताल परिसर में संचालित जनऔषधि केंद्र के प्रभारी वरुण चौहान ने नए केंद्रों के बारे में बताया कि कई आवेदन मंजूर होने के बाद शहर में संचालित जनऔषधि केंद्रों की संख्या बढ़कर 42 पहुंच गई है। अब घनी आबादी वाले मोहल्लों और कई मलिन बस्तियों तक जनऔषधि योजना




की सहूलियत उपलब्ध हो गई है। जिसके चलते लोगों को अब अपने घर के नजदीक ही सस्ती जेनरिक दवाएं मिल सकेंगी। कुछ समय बाद शहर में जनऔषधि केंद्रों की संख्या और बढ़कर पचास तक पहुंचने की उम्मीद है।

## छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब. 50 करोड़ 02 लाख रुपए स्वीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ 02 लाख रुपए की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। पंचम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50/-रुपए प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित/बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

# उ0प्र0 विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 की 09 सीटों पर होने वाले उपनिर्वाचन की मतदान तिथि संशोधित,अब 13 नवम्बर के स्थान पर 20 नवम्बर, 2024 को उपनिर्वाचन क्षेत्रों में होगा मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उ0प्र0 विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 की 09 सीटों पर होने वाले उपनिर्वाचन की मतदान तिथि संशोधित कर दी है। संशोधित तिथि के अनुसार 13 नवम्बर,

**09 उपनिर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 23 नवम्बर 2024 को यथावत करायी जायेगी**

2024 (बुधवार) के स्थान पर 20 नवम्बर, 2024 (बुधवार) को अब मतदान सम्पन्न होगा। मतगणना एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि यथावत रहेगी अर्थात मतगणना 23 नवम्बर, 2024 एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 25 नवम्बर, 2024 रहेगी। अपर मुख्य निर्वाचन



अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि विभिन्न राजनैतिक दलों (जिसमें भारतीय जनता पार्टी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी एवं राष्ट्रीय लोक दल सम्मिलित हैं) तथा कतिपय सामाजिक संगठनों से 13 नवम्बर, 2024 को बड़े पैमाने पर सामाजिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक व्यस्तताओं के कारण बड़ी संख्या में लोगों की असुविधा एवं मतदाताओं की भागीदारी कम होने संबंधी प्राप्त प्रत्यावेदनों में किये गये अनुरोध के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन हेतु मतदान तिथि में संशोधन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के जारी कार्यक्रम के अनुसार 16-मीरापुर (जनपद-मुजफ्फरनगर), 29-कुन्दरकी (जनपद- मुरादाबाद), 56-गाजियाबाद (जनपद-गाजियाबाद), 71-खैर (अ०जा०) (जनपद अलीगढ़), 110-करहल (जनपद- मैनपुरी), 213-सीसामऊ (जनपद-कानपुर नगर), 256-फूलपुर (जनपद-प्रयागराज), 277-कटेहरी (जनपद-अम्बेडकर नगर) एवं 397-मझवां (जनपद-मिजार्पुर) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब 20 नवम्बर, 2024 को उप निर्वाचन कराया जायेगा।

# दो साल बाद फिर जेल में पहुंचा फहीम एटीएम ,जेल में विशेष नजर रखी जा रही है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** करीब सवा दो साल बाद एक बार फिर शातिर हिस्ट्रीशीटर फहीम उर्फ एटीएम मुरादाबाद जेल में पहुंच गया है। उसके जेल में दाखिल होने के बाद से जेल प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। अपने शातिर दिगाम से अक्सर जेल से बाहर आने वाले फहीम एटीएम पर जेल में विशेष नजर रखी जा रही है। उसके लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले फहीम एटीएम को जून 2022 में मूठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद मुरादाबाद जेल में रखा गया था।

कांठ थाना क्षेत्र के उमरी कला निवासी फहीम उर्फ एटीएम चोरी, लूट, डकैती और हत्या जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देकर अपराध की दुनिया में सक्रिय था। सवा दो साल पहले वह मुरादाबाद जेल में बंद हुआ था। दरअसल मई 2022 में बिजनौर से उसे पेशी पर मुरादाबाद लाया गया था। दो सिपाही उसे लेकर आए थे। बाद में सिपाहियों को प्रलोभन और झांसा देकर उन्हें पाकबड़ा ले गया। वहां सिपाहियों को कमरे में बंद करके वह पत्नी के



साथ फरार हो गया था। उस समय गिरफ्तारी पर तत्कालीन एडीजी बरेली जोन राजकुमार ने एक लाख का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद 17 जून 2022 को पाकबड़ा थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर मुरादाबाद जेल भेजा था। लेकिन बाद में सुरक्षा कारणों से उसे सीतापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया था, जिसके बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। हालांकि 29 मई 2023 को सीतापुर जेल से पैरोल पर आने के बाद फहीम एक बार फिर फरार हो गया था। शुक्रवार रात एसटीएफ बरेली की टीम ने फहीम एटीएम को गलशहीद थाना क्षेत्र के संभल चौराहे के पास स्थित टांडा अड्डे से तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को ही आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में एक बार फिर जेल भेज दिया। एसओ गलशहीद सौरभ त्यागी के मुताबिक फहीम उर्फ एटीएम को कोर्ट के आदेश के अनुसार मुरादाबाद जेल में दाखिल करा दिया है। इस तरह करीब सवा दो साल बाद एक बार फिर फहीएम एटीएम मुरादाबाद जेल में है। चूंकि वह मुरादाबाद जिले का ही रहने वाला है और यहां उसका अच्छा खासा अपराधिक नेटवर्क भी है इसलिए जेल प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। फहीम एटीएम के जेल में दाखिल होने के साथ ही उस पर विशेष नजर रखी जा रही है। उससे मिलने वालों के रिकार्ड भी दर्ज किए जा रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि फहीम उर्फ एटीएम को अन्य बंदियों के साथ ही बैरक में रखा गया है।

# मौनी शिव मंदिर के नवनिर्मित कमरे का फीता काटकर मुख्य अतिथि गणों ने किया उद्घाटन, कमेटी ने किया सराहनीय कार्यः मुकेश माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के प्रसिद्ध मौनी शिव मंदिर पर आज आयोजित एक समारोह में फीता काट कर नवनिर्मित कमरे का उद्घाटन किया गया। श्री रामडोल कमेटी द्वारा बनवाए गए कमरे का मुख्य अतिथि मंदिर के महंत, मुकेश माहेश्वरी, ओंकार सिंह बिश्नोई, व्यायामशाला के नन्हे सिंह पहलवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद कमेटी द्वारा श्री रामडोल शोभायात्रा 2024 का आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। जिसमें कमेटी ने बताया कि श्री रामडोल शोभायात्रा की कुल आय 284650 रुपये हुई। जिसमें 226181 रुपए शोभायात्रा में खर्च हो गए। शेष 58469 रुपए



कमेटी ने मंदिर पर एक कमरे का निर्माण कराया। जिसमें 60000 रुपये का खर्च हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने श्री रामडोल कमेटी के इस सराहनीय कार्य की सराहना की। इस अवसर पर, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश महेश्वरी, ओंकार सिंह बिश्नोई, भावेश शर्मा, विनोद नंबरदार, प्रदीप बिश्नोई गुड्डु, राकेश कुमार, हिमांशु बिश्नोई सनी, सुरेंद्र मुंशी, जयवीर सिंह, संजय नंबरदार, राजेंद्र बिश्नोई, डॉक्टर जितेंद्र बिश्नोई, सुमन कुमार सोनू, शुभम बिश्नोई एडवोकेट मानू, महेंद्र सिंह, संजीव पाटिल, रामवीर सिंह,आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया ।

# डीएम व एसपी ने गंगा तिगरी मेले की तैयारी का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से गंगा तिगरी मेला की तैयारी का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने कहा की घाटों के निर्माण व घाटों में लगाई जाने वाली बल्लियां मजबूत तरीके से लगाई जाएं और सेक्टर व घाटों के नामों को रेडियम बोर्ड से इंगित किया जाए, ताकि अंधकार में भी दूर दिखाई दें। उन्होंने मेला आवंटन अधिकारी भगत सिंह को निर्देश दिए कि मेला परिसर में कैंप कर जो भी अपने टेंट लगा रहे हैं, उनका सही प्रकार आवंटन करें, ताकि मेला व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई असुविध न हो। डीएम ने बल्ली एवं टीन से बेरीकेटिंग करने वाले ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान सुरक्षा ;सेफ्रटीद्ध का विशेष रूप से



ध्यान दिया जाए। उन्होंने मेला में नाव की व्यवस्था, गोताखोर की व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की और कहा कि समय से पहले उक्त कार्य पूरे कर लिए जाएं। डीएम ने मेला परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक प्रकार से कराने के लिये ईओ व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। मेला परिसर में शुद्ध ( पेयजल आपूर्ति पर भी उन्होनें विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम ने पुलिस लाइन, कंट्रोल रूम, आरती स्थल, दीपदान स्थल आदि विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेला भव्य और दिव्य होगा, श्रद्धालु ओ के आने से पहले से ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव , अपर जिलाधिकारी वित्त ब्रजेश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उप जिलाधिकारी धनौरा चंद्रकांता, डिप्टी कलेक्टर पुष्कर नाथ चौधरी व भगत सिंह, मेला कोतवाली प्रभारी बालेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी, मेले से संबंधित सभी प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**धन की लूट**

## प्रधान के घर में चल रहा पंचायत कार्यालय 41 महीने में नहीं पूरा हुआ एक भी काम

# असिस्टेंट के नाम पर सरकारी धन का बंटवारा कर रहे सचिव और प्रधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/हरदोई (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के विकास खण्डों में ही नहीं वल्कि हरदोई जनपद के विकास खण्डों में भी सरकारी धन की लूट मची हुई है। हरदोई जनपद के विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत महुआ डांडा में सचिव और प्रधान ने अपने अपने अस्सिटेंटों के नाम से हजारों रुपए कहीं हैंड पाइप मरम्मत कहीं मिस्त्री कहीं प्रशासनिक खर्च के नाम पर रुपए निकालने का मामला अभिलेखों से पता चलता है यही नहीं सचिन का असिस्टेंट दूसरी ग्राम पंचायत का रहने वाला है बावजूद इसके उसके नाम से कई कार्यो का पैसा निकाला गया है इस ग्राम पंचायत में सबसे अधिक धनराशि हैंड पाइप मरम्मत और रीबोर के नाम पर निकाली गई है। इस पंचायत में जितने हैंड पाइप नहीं है उससे कई गुना धनराशि उनकी मरम्मत और रिपोर्ट के नाम पर निकाली गई है। दूसरी और इस ग्राम पंचायत में





आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन पशु आश्रय केंद्र और अंत्येष्टि स्थल निमार्णाधीन है। इनमें से एक भी काम आज तक पूरा नहीं हुआ है इसके अलावा इंटरलॉकिंग का पैसा पहले निकाल लिया गया और काम आज तक नहीं हुआ है मौके पर इंटरलॉकिंग टाइल्स मौजूद हैं जो 15 दिन पहले खरीदी गई है। दूसरी ओर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव और प्रधान की लापरवाही के चलते आज तक एक भी काम पूरा नहीं हुआ है इस गांव के आसपास छुट्टा जानवरों से लोग इतना परेशान हैं कि वह कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन दो पंचायत के मध्य महुआ डांडा में बनाई जा रही गौशाला में इतना घटिया काम किया गया है कि उसका गेट बनने के साथ ही टेढ़ा हो गया है और तार फेंसिंग, टीन सेड, चरही,हैंड पाइप समरसेबल के बावजूद विद्युत कनेक्शन न होने के कारण गौशाला में जानवरों को नहीं रखा जा रहा है। इसके अलावा पंचायत भवन और अंत्येष्टि स्थल भी अभी तक निर्मला दिन है जबकि यहां लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं। इस ग्राम पंचायत में अभी तक पंचायत कार्यालय प्रधान के घर में संचालित हो रहा है जबकि नियमानुसार किसी सरकारी भवन या किराए के भवन में चलना चाहिए। इस ग्राम पंचायत की सचिव स्वाति सिंह का असिस्टेंट रोहित पुत्र ओमप्रकाश दूसरी ग्राम पंचायत का निवासी है फिर भी इसके नाम पर हजारों रुपए निकाले गए हैं और प्रशासनिक खर्च भी कई बार इसके नाम पर दिखाया गया है। प्रधान के भी असिस्टेंट हैं जिनका नाम मनोज कुमार सिंह वी रूपचंद है उनके नाम पर भी लेबर से लेकर हर काम का पैसा निकाला जाता है। इस संबंध में सचिव स्वाति सिंह ने कहा कि पैसे के अभाव में सभी प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं और धनराशि निकालने के बावजूद काम न कराने के संबंध में कहा कि सरकारी धन महीने के अंत में ना दिखे इसलिए बिल भुगतान दिखा दिया जाता है जबकि वह पैसा खर्च नहीं होता है इस तरह यह लोग अधिकारियों और जनता को भी गुमराह कर रहे हैं।

प्रधान के घर में कार्यालय संचालित होने के विषय में कहा कि दूसरी जगह सामान चोरी हो जाएगा इसलिए पड़ोस में चल रहा था परंतु अब वहां नहीं है जबकि पड़ोस में कभी कार्यालय चला ही नहीं है अभी तक केवल प्रधान के घर में ही चल रहा है। प्रदेश की पंचायत में यह हाल तब है जब सरकार तरह-तरह के कानून बनाकर भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास कर रही है परंतु सचिव और प्रधान नियम कानून को ताक पर रखकर सरकारी धन का बंदर बांट कर रहे हैं। इस पंचायत की सचिव ने निमार्णाधीन इमारतों के संबंध में कहा कि यह बात सीडीओ ,डीएम और बीडीओ सबको पता है।



# सुर्ख लाल साड़ी पहन शिवांगी जोशी ने दिवाली पार्टी में लगाया ग्लैमर का तड़का, एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर दीवाने हुए फैंस

टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया था कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने दिवाली पार्टी होस्ट की थी जिसमें शिवांगी जोशी ने रेड कलर की स्टाइलिश साड़ी पहनकर पार्टी में शिरकत की थी। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तबाही मचाने लगा। एक्ट्रेस शिवांगी जोशी हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका बोल्ज लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने लेटेस्ट लुक्स की फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने रेड कलर की शिमरी लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। बालों की हाई पोनीटेल बांधकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देकर एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिए हैं। एक्ट्रेस शिवांगी जोशी सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# सिंघम अगेन पर मां लक्ष्मी की हुई कृपा, बंपर हुई ओपनिंग, अजय देवगन की हाईएस्ट ओपनर बनी फिल्म

इस दिवाली रोहित शेट्टी ने अपने कॉप यूनिवर्स की मोस्ट अवेटेड किस्त सिंघम अगेन रिलीज की. अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और अन्य सितारों से सजी इस मल्टी-स्टारर फिल्म का कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 से क्लैश हुआ है. हालांकि सिंघम अगेन को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल है और दिवाली के मौके पर रिलीज इस फिल्म पर लक्ष्मी मां ने भी अपनी पूरी कृपा बरसाई है. इसी के साथ फिल्म की जबरदस्त शुरूआत हुई है. चलिए यहां जानते हैं सिंघम अगेन ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है.

नौ स्टार्स की पावर और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस वाली फिल्म सिंघम अगेन का रिलीज से पहले ही काफी हाईप क्रिएट हो गया था. फिर टीम और स्टार कास्ट ने भी इसके प्रमोशन में कोई कोर- कसर नहीं छोड़ी जिसके चलते फैंस में फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज था और इसी के साथ इसकी धुआंधार एडवांस बुकिंग हुई थी. फिल्म ने प्री टिकट सेल में गी 15 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था. वहीं



दिवाली के मौके पर रिलीज इस फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ भी उमड़ पड़ी और इसकी के साथ सिंघम अगेन ने बंपर ओपनिंग की है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन ने रिलीज के पहले दिन 43.50 करोड़ रुपये की भारी कमाई की है. हालांकि ये शुरूआती आंकड़े हैं ऑफिशियल नंबर्स आने के बाद इनमें फेरबदल हो सकता है. इन आंकड़ों के साथ ये फिल्म अजय देवगन के करियर की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है. इस फिल्म ने फ्रेंचाइजी की सिंघम रिटर्न्स (2014) को पीछे छोड़ दिया है, जिसने पहले दिन 32.09 करोड़ रुपये कमाए थे.

रामायण-थीम वाली कहानी पर बेस्ड ये फिल्म रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स के दिग्गजों को एक साथ लाती है. उनके सबसे बड़े पुलिस वाले - सिंघम के रूप में अजय देवगन, सिम्बा के रूप में रणवीर सिंह, और सूर्यवंशी के रूप में अक्षय कुमार को साथ देखना किसी ट्रीट से कम नहीं है. वहीं दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ कॉप ड्रामा में एक फ्रेशनेस लाते हैं. फिर चुलबुल पांडे के किरदार में सलमान खान के कैमियो ने तो थिएटर में तालियों और सीटियां बजवा दी. फिल्म में अर्जु कपूर भी पहले कभी नहीं देखा गये अवतार में नजर आए हैं. ओवरऑल फिल्म को दर्शकों से पहले दिन शानदार रिस्पॉन्स मिला है. और वीकेंड पर इसके कलेक्शन में और ज्यादा इजाफा होने की उम्मीद है।

# अनुष्का सेन ने समझाया फैशन का मतलब है अभिव्यक्ति

अभिनेत्री अनुष्का सेन के लिए फैशन के मायने स्टाइलिश कपड़ों से कहीं बढ़कर है। उनके हिसाब से यह खुद को व्यक्त करने का तरीका है। नव्या नंदा के एंटरप्रेनारी और अबू संदीप के गुलाबो द्वारा आयोजित फैशन शो में अनुष्का ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को फ्री-फ्लोइंग बोहेमियन श्रग से पूरा किया। अनुष्का ने कहा, मैं एंटरप्रेनारी बाय नव्या नंदा और गुलाबो बाय अबू संदीप शोकेस के लिए पहली बार रैंप पर चलने को लेकर उत्साहित थी और इनकी आभारी भी हूं। मेरे लिए फैशन कपड़ों से इतर है। यह अपने आप को



व्यक्त करने का अच्छा तरीका है यानि ये बताने का कि हम कौन हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह सही अवसर और पल का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम एक सपने के सच होने जैसा था, खासकर इसलिए क्योंकि यह महिला उद्यमियों की मदद करने के लिए था। इसका एक और कारण भी था और वो था अबू जानी संदीप खोसला के लिए वॉक करना, जो मेरे पसंदीदा डिजाइनर्स हैं।

अनुष्का ने अमिताभ बच्चन की पोती नव्या के साथ अपनी मुलाकात को एक शानदार अनुभव बताया। मैंने पूरे दिल से उस पल को अपनाया और उस अद्भुत अवसर के लिए मैं आभारी हूं। नव्या से मिलना मेरे लिए एक शानदार अवसर था। इस महीने की शुरूआत में अनुष्का ने सोशल मीडिया पर दुर्गा पूजा से एक शानदार फोटो शेयर की थी। वह साड़ी और बड़े झुमके में बहुत खूबसूरत लग रही थीं।

उन्होंने साड़ी में अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसका शीर्षक था, दुर्गा पूजा 2024। अनुष्का सेन एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं, जिन्हें बाल कलाकार के तौर पर काफी लोकप्रियता मिली। उन्हें हाल ही में दक्षिण कोरियाई पर्यटन के लिए आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने 2009 में भारतीय टेलीविजन पर यहाँ मैं घर घर खेली शो से अपने करियर की शुरूआत की। उन्होंने देवों के देव... महादेव में बाल पार्वती की भूमिका निभाई थी। 2012 में, उन्होंने टीवी शो बालवीर में मेहर के अपने किरदार से लोगों का दिल जीत लिया था। इसके अलावा, उन्होंने खूब लड़ी मदार्नी - झांसी की रानी थी में मणिकर्णिका का किरदार निभाया। अनुष्का वेब सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा में भी नजर आ रही है। यह तीन दोस्तों की जिंदगी की कहानी है, जो प्राइम वीडियो पर भी स्ट्रीम हो रही है। उन्होंने हाल ही में क्रश नामक एक अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर काम किया, जिसमें उन्होंने ओलंपिक रजत पदक विजेता किम ये जी के साथ अभिनय किया है।

# भूल भुलैया 3 पहले दिन ही हुई खूब मालामाल, बॉक्स ऑफिस पर बम्पर शुरूआत

इस साल कई शानदार हॉरर-कॉमिडी फिल्मों की लिस्ट में अब एक और फिल्म शामिल हो गई है। साल के आखिर महीनों में दिवाली पर रिलीज हुई भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत की है।

मुंज्या और स्त्री 2 जैसी फिल्मों के बाद अब तीसरी फिल्म भूल भुलैया 3 भी सिनेमाघरों में काफी धमाल मचाने जा रही है। इस फ्रैंचाइजी की दोनों फिल्मों को लोगों ने खूब पसंद किया है। पहली भूल भुलैया में मंजुलिका का किरदार निभा चुकीं विद्या बालन दूसरी सीरीज में नजर नहीं आई थीं। अब वह इस तीसरी फिल्म में एक बार फिर से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। कहा जा रहा है कि मंजुलिका ही इस फिल्म की जान हैं।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने शानदार एडवांस बुकिंग की। दिवाली के दिन फाइनली जब फिल्म रिलीज हुई तो इसने करीब-करीब 35.50 करोड़ रुपये की धमाकेदार कमाई कर डाली है। ये कलेक्शन भूल भुलैया की पिछली दोनों फिल्मों की



तुलना में काफी ज्यादा है।

वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो ये आंकड़े अभी आने में कुछ समय बाकी है। इस फिल्म को डरावना बनाने के लिए वीएफएक्स पर अच्छा काम किया गया है। रूह बाबा बने कार्तिक दर्शकों का मनोरंजन करने में पूरी तरह से सफल दिख रहे हैं। वैसे तो माधुरी दीक्षित गेस्ट अपीयरेंस में हैं, लेकिन पहली बार फिल्म में उनका ग्रे शेड्स दिखा है जो लोगों को पसंद भी आ रहा। इस फिल्म में छोटे पंडित के रूप में राजपाल यादव, पंडिताइन के रोल में अश्विनी कालसेकर और बड़े पंडित के रोल में संजय मिश्रा की तिकड़ी ने दर्शकों को जमकर मनोरंजन किया है। बताया जा रहा है कि ये फिल्म करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म है। यहीनन, यदि ये फिल्म पहले वीक में बम्पर कमाई लगातार कर लेती है तो ये हिट फिल्म साबित हो सकती हैं।

# यूरिन की कुछ बूंदों से कैसे लगता है प्रेग्नेंसी का पता, ये वाला केमिकल होता है रिलीज

गर्भावस्था के दौरान टॉयलेट टेस्ट के नमूने में ह्यूमन कोरियोनिक गोनाडोट्रोपिन (एचसीजी), गर्भावस्था के दौरान एक खास तरह का हार्मोन बनता है कि इसके जरिए का पता गर्भावस्था का पता लगा सकते हैं. गर्भावस्था टेस्ट का उपयोग करते समय कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए. आप अपने पेशाब या खून में एचसीजी पा सकते हैं. एचसीजी को आपके शरीर में बनने में समय लगता है. गर्भावस्था के शुरूआती दिनों में हर दिन आपका शरीर ज्यादा एचसीजी बनाएगा. जैसे-जैसे सप्ताह बीतते जाएंगे, आपके शरीर में ज्यादा से ज्यादा एचसीजी बनता जाएगा. जिससे प्रेगनेंसी टेस्ट के पॉजिटिव आने की संभावना बढ़ जाएगी।



### परीक्षण कब करें

गर्भावस्था के शुरूआती दिनों में शरीर में एचसीजी की मात्रा तेजी से बढ़ती है, हर 2-3 दिनों में दोगुनी हो जाती है. सटीक परिणाम की संभावना बढ़ाने के लिए, परीक्षण करने के लिए मासिक धर्म छूटने के एक या दो दिन बाद प्रतीक्षा करें।

### सटीकता

गलत नकारात्मक संभव है, लेकिन असंभव है, जब तक कि टॉयलेट टेस्ट की शोषक पट्टी पर है. यदि आप छूटे हुए परिणाम के बारे में चिंतित हैं, तो आप एक और परीक्षण कर सकते हैं. ओव्यूलेशन का समय, अनियमित मासिक धर्म चक्र, और जब एक निषेचित अंडा प्रत्यारोपित होता है, गर्भावस्था परीक्षण की सटीकता को प्रभावित कर सकता है.

गर्भावस्था का पता लगाने के लिए कुछ प्राकृतिक तरीकों में शामिल हैं।

### गेहूं और जौ परीक्षण

सुबह में गेहूं और जौ के अलग-अलग कंटेनरों में टॉयलेट डालें, और अंकुरित होने के लिए कुछ दिनों के लिए छोड़ दें. अगर अनाज अंकुरित हो जाए, तो पारंपरिक तौर पर माना जाता है कि यह गर्भावस्था का संकेत है.


एक गिलास में एक बड़ा चम्मच एंटीसेप्टिक तरल डालें और उसमें तीन बड़े चम्मच मूत्र डालें. पांच से सात मिनट तक निरीक्षण करें।

### वाइन परीक्षण

टॉयलेट को एक साफ कंटेनर में इका करें, एक साफ कटोरे में थोड़ी मात्रा में वाइन डालें और वाइन में टॉयलेट की कुछ बूंदें डालें. अगर वाइन का रंग बदल जाता है, तो यह गर्भावस्था का संकेत हो सकता है।

# शादी से पहले मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये नुस्खे, त्वचा भी निखरेगी

शादी का दिन दुल्हनों के जीवन का सबसे यादगार दिन होता है, जिस दौरान उन्हें त्वचा की खास देखभाल करनी होती है।हालांकि, त्वचा की देखभाल करने के बावजूद भी कई बार चेहरे पर मुंहासे आ जाते हैं, जो आत्मविश्वास को कम कर देते हैं।ऐसे में दुल्हनों को शादी से पहले मुंहासों से सुरक्षित रहने के लिए कुछ घरेलू उपचार अपनाने चाहिए। आज के शादी के टिप्स में जानिए होने वाली दुल्हनें मुंहासों से छुटकारा कैसे पा सकती हैं।



### केमिकल एक्सफोलिएशन का लें सहारा

जब हमारी त्वचा अंदरूनी तौर पर अस्वस्थ होती है, तभी चेहरे पर मुंहासे निकलते हैं। ऐसे में त्वचा को स्वस्थ बनाने के लिए कई तरह के ट्रीटमेंट उपलब्ध होते हैं, जिनमें से आप केमिकल एक्सफोलिएशन का चुनाव कर सकती हैं।इसके लिए आपको सैलिसिलिक एसिड या ग्लाइकोलिक एसिड जैसे उत्पादों का इस्तेमाल करना होगा।ये तत्व त्वचा में प्रवेश करके मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाते हैं और मुंहासों की उपस्थिति को कम करके आपकी त्वचा को साफ करते हैं।

### सेब के सिरके का करें इस्तेमाल

आप मुंहासों को दूर करने के लिए अपने चेहरे पर सेब का सिरका भी लगा सकती हैं।यह एक प्रभावी प्राकृतिक और घरेलू उपचार है, जिसके जरिए मुंहासे उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया का खात्मा हो जाता है।सेब के सिरके में साइट्रिक एसिड जैसे कार्बनिक तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा को साफ करके मुंहासों से छुटकारा दिला सकते हैं।इस सिरके को पानी में मिलाकर चेहरे पर लगाएं और फिर मुंह धो लें।

### भूलकर भी न फोड़ें मुंहासें

अक्सर लोग चेहरे पर निकलने वाले दानों व मुंहासों को बिना सोचे-समझे फोड़ देते हैं। हालांकि, ऐसा करना खतरनाक हो सकता है, जिससे और मुंहासे निकलने की संभावना बढ़ जाती है।ऐसे में होने वाली दुल्हनों को भूलकर भी चेहरे पर निकले मुंहासों को फोडना नहीं चाहिए। इसके बजाय आप घरेलू नुस्खों का पालन कर सकती हैं, ट्रीटमेंट करवा सकती हैं या पिंपल पैच लगा सकती हैं। शादी से पहले दुल्हनें इन तरीकों से त्वचा की देखभाल कर सकती हैं।

### टी-ट्री तेल से दूर होंगे दाग


टी ट्री तेल एक तरह का एसेंशियल ऑयल है, जिसके जरिए आप मुंहासों के दाग मिटा सकती हैं। अध्ययनों से सामने आया है कि इस तेल को त्वचा पर लगाने से मुंहासों का उपचार होता है।इसे इस्तेमाल करने के लिए एक कटोरी में टी ट्री तेल और पानी को मिलाएं। अब रुई की मदद से इसे मुंहासों पर लगाएं और कुछ देर सूखने दें।जब यह तेल सूख जाए, तो चेहरे को पानी से धो लें।

### तनाव और चिंता को कम करें

शादी से पहले सभी दुल्हनों को तनाव और चिंता का अनुभव जरूर होता है। हालांकि, मानसिक शांति न होने पर स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है और चेहरे पर मुंहासे निकलने लगते हैं।ऐसे में अगर आप शादी के दिन चमकती हुई त्वचा चाहती हैं, तो अपने आपको तनावपूर्ण माहौल से दूर रखें। आप मन को शांत रखने के लिए ध्यान लगा सकती हैं या योग का सहारा ले सकती हैं।

# जूनियर एनटीआर की देवरा अब ओटीटी पर मचाएगी धमाल, 8 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम

जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान स्टारर देवराः पार्ट 1, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म का काफी बज था और इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत भी की थी लेकिन इसके बाद इसकी कमाई का ग्राफ गिरता चला गया. ओवरऑल देवराः पार्ट 1 उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर पाई. इस बीच, देवरा अब ओटीटी पर रिलीज के लिए



तैयार है. चलिए जानते हैं ये फिल्म ओटीटी पर कब और कहां दस्तक देगी? जूनिएयर एनटीआर की देवराः पार्ट 1 को जो लोग थिएटर में नहीं देख पाए उनके लिए गुड न्यूज है. दरअसल ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज के बाद अब ओटीटी प्रीमियर की तैयारी कर रही है. बता दें कि देवराः पार्ट 1 8 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है. स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सभी भाषाओं में फिल्म के डिजिटल राइट्स हासिल कर लिए हैं।

# दिल्ली में सीवर, जाम, पेयजल, पार्किंग आदि की बढ़ती समस्याओं से होकर परेशान घर छोड़ने को मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की जनता सरकार की राजनीति से परेशान। गणेश नगर इलाके में सीवर, जाम, पेयजल, पार्किंग आदि की समस्या से स्थानीय लोग परेशान होकर घर छोड़ कर जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि फुटओवर ब्रिज पहले सेंक्शन था, लेकिन उसे कैंसिल कर दिया गया। इस तरह पैदल पार पथ कागजों में ही कहीं गायब हो गया। गणेश नगर इलाके में सीवर, जाम, पेयजल, पार्किंग आदि की इतनी समस्याएं है कि मुझे घर ही छोड़कर जाना पड़ा। मेरे घर के आगे महीनों तक गंदा पानी भरा रहता था। मैंने संबंधित विभाग को इसकी शिकायत भी की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मजबूरन मुझे घर ही बदलना पड़ा। अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में यह बातें एकता अग्रवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि 14 साल पूर्वी दिल्ली के साउथ गणेश नगर में बिताए हैं। इलाके में रहने वाले अधिकतर लोग गंदा पेयजल, जाम, टूटी सड़कें, अतिक्रमण, सीवर आदि से परेशान हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां पीने का पानी गंदा आ रहा है। इसको पीने से बच्चे आए दिन बीमार पड़ जाते हैं। सीवर से नालियां व गलियां ओवरफ्लो हैं। मजबूरन लोगों को इसी से होकर घर के अंदर या बाहर जाना पड़ता है। सफाई के मामले में पूरे इलाके में अव्यवस्था है। अमूमन मुख्य सड़क के चारों ओर गंदगी फैली रहती है। अधिकांश आबादी जाम को लेकर परेशान है। इलाके के पास से लक्ष्मीनगर-पटपड़गंज सड़क गुजरती है। यहां आए दिन जाम लगा रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण शराब के ठे-के और अतिक्रमण है। ठेकों के सामने लोग अपने वाहनों को अव्यवस्थित तरीके से लगा देते हैं। इस कारण अमूमन वहां से गुजरने वाला ट्रैफिक प्रभावित रहता है। इलाके में रिक्शे, टेम्पो, कार, ठेले आदि का भी अतिक्रमण है। निवासियों ने खुले में शराब पीने वाले लोगों की वजह से माहौल खराब होने की शिकायत भी की। गणेश नगर के लोगों का कहना है कि सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने के वह मोहताज हो गए हैं। गणेश चौक पर फुटओवर ब्रिज न होने के कारण लोगों को तेज रफ्तार गाड़ियों के बीच से होकर सड़क पार करनी पड़ती है। इस दौरान कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। लोगों ने बताया कि फुटओवर ब्रिज पहले सेंक्शन था, लेकिन उसे




कैंसिल कर दिया गया। इस तरह पैदल पार पथ कागजों में ही कहीं गायब हो गया। करीब 30 साल से कॉलोनी में रह रहा हूं। यहां पानी की सबसे बड़ी समस्या है। पीने का पानी गंदा आ रहा है। इससे छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जेई को फोन करते हैं तो उनकी ओर से भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती है। समस्याओं में सीवर ब्लॉकेज भी सबसे ऊपर है। -कमल किशोर गुप्ता, प्रधान,

साउथ गणेश नगर मार्केट में बड़े, बूढ़े, बच्चों के लिए मोहल्ले में पहले डिस्पेंसरी थी, वो भी बंद करा दी गई। अभी उन्हें पांडव नगर, पटपड़गंज या मयूर विहार जाना पड़ता है। जिन लोगों के पास पैसे नहीं हैं, वो अब कहां जाएंगे। एमसीडी को समस्या बताते हैं तो वह नेता से बात करने को कहती है। यह बड़ी गंभीर समस्या बन गई है।

**-राहुल शर्मा**

गणेश चौक के पास बहुत अतिक्रमण है। यहां फुटओवर ब्रिज बनना था, वो भी नहीं बना। सड़क के पास दो ठेके हैं। शाम को लोग शराब लेकर यहां वहां खड़े हो जाते हैं। बहन-बेटियों का उस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता है। हर खंभे पर केबल वालों ने तार का जाल डाल रखा है। -शिव कुमार त्यागी नालियां बहुत गंदी हैं। इससे दुकानदार बड़े परेशान हैं। ऐसे माहौल में काम करने की स्थिति नहीं बन पाती है। विधायक, निगम पार्षद आदि कहते हैं कि समस्या का समाधान हो जाएगा। शिकायत करने पर सभी इसको बोलेंगे, उसको बोलेंगे कहकर बात को टाल देते हैं।

**- योगेश कुमार गुप्ता**

यहां समस्याओं का अंबार है। शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकलता है। पार्किंग की भी बड़ी दिक्कत है। साइकिल तक खड़ी नहीं कर सकते, गाड़ी तो दूर की बात है। जनसंख्या की दृष्टि से समस्या व निवारण का अनुपात बेहद कम है।

**-एकता अग्रवाल**

# गाजा और लेबनान के शहीदों की याद में बड़े इमामबाड़े में "यादे शोहदा" कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** लेबनान और गाजा के शहीदों को श्रद्धांजलि पेश करने और उनकी याद में अंजुमनों, संस्थानों, उलेमा और मोमनीन की ओर से लखनऊ के ऐतिहासिक बड़े इमामबाड़े में 'यादे शोहदा' के नाम से एक कॉन्फ्रेंस और मजलिसे चेहलम का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस




में सभी धर्मों के उलेमा और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में सभी वक्ताओं ने अमेरिकी समर्थन में जारी इजराइली आतंकवाद के खिलाफ और गाजा तथा लेबनान के मजलूमों के समर्थन में आवाज उठाई। कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सभी उलेमा और बुद्धिजीवियों ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के मुद्दे पर पर अपना पुराना रुख दोहराने की अपील की और लेबनान के मजलूमों के लिए भारत द्वारा भेजी गई सहायता को एक सराहनीय कदम बताया। कॉन्फ्रेंस में इजराइल, अमेरिका और उनकी सहयोगी शक्तियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगे। वहीं हिज्बुल्लाह और अन्य मुकावमती संगठनों को मानवता का रक्षक करार दिया गया। कॉन्फ्रेंस में शहीद सैय्यद हसन नसरुल्लाह, शहीद इस्माइल हानिया, शहीद याहया सिनवार, शहीद हाशिम सफीउद्दीन समेत गाजा व लेबनान के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि पेश करते हुए उनके जीवन व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

कॉन्फ्रेंस की शुरूआत कारी बद्रुद दुजा ने कुरान की तिलावत से की। इसके बाद हौजा-ए-इल्मिया हजरत दिलदार अली गुफरानमॉब के छात्रों ने गाजा और लेबनान के शहीदों की शान में मन्जूम नजराना-ए-अकीदत पेश किया। मन्जूम नजराना-ए-अकीदत के बाद तकरीरों का सिलसिला शुरू हुआ। इंजीनियर मौलाना फैजान वारसी ने अपनी तकरीर में कहा कि इस्लामी मुकावमत अन्याय और अत्याचार के खिलाफ एक जाएज और न्यायपूर्ण संघर्ष है, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों, न्याय और शांति की बहाली है। यह लड़ाई मानवता की सुरक्षा के लिए लड़ी जा रही है। इस्लाम न्याय और शांति का पाठ पढ़ाता है, और इस्लामी उसूलों के अनुसार ही मुकावमत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस्लामी और इंसानी मुकावमत को आतंकवाद का लिबादा मत पहनाइए, क्योंकि आतंकवाद का उद्देश्य निर्दोष लोगों पर भय, अशांति और आक्रामकता को बढ़ावा देना है, ये ताकत को हासिल करने के लिए मासूम और बेगुनाह लोगों को निशाना बनाता है और सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाता है। इसलिए आतंकवादियों को पहचानें और उन्हें बेनकाब करें, जिन्होंने गाजा और लेबनान में मासूमों और बेगुनाहों का नरसंहार किया है। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संदीप पांडे ने कहा कि "फिलिस्तीन में मारे गए 42,000 लोगों में 18000 से अधिक बच्चे मारे गए हैं, जो कि 40% से अधिक है, ये बच्चे केवल बम विस्फोटों से बल्कि भुखमरी से भी मरे हैं। इजराइल युद्ध अपराध कर रहा है, युद्ध के सभी मानदंडों का उल्लंघन कर रहा है। इसने अस्पतालों, शरणार्थी शिविरों पर बमबारी की है और फिलिस्तीनियों को भोजन सहित जीवन रक्षक आपूर्ति रोक दी है। अब इजराइल फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर रहा है। इजराइल के बजाय यदि कोई अन्य देश होता तो उस पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाया जाता। इजराइल से ज्यादा दोषी अमेरिका और पश्चिमी देश हैं क्योंकि वे गाजा में हो रहे नरसंहार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे नवविवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता हुई महिला की मौत के बाद बीती देर रात में अंतिम संस्कार करने की सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि इस मामले में खबर लिखे जाने तक कोतवाली में कोई तहरीर नही दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरपुर खैराबाद में मनीषा उम्र 20 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक बताया जाता है कि परिजन आधी रात को ही मृतक महिला के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया कर रहे थे इसी दौरान किसी ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को अपने



कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कि मनीषा का विवाह एक साल पूर्व खैरपुर खैराबाद निवासी अमित के साथ हुआ था। तीन माह पूर्व मृतका के पति अमित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में मृतक अमित के चाचा सतीश ने तीनों लोगो के खिलाफ हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी पुलिस अभी भी जांच कर रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने बताया कि मृतिका केशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह लखनऊ में ऐतिहासिक पसमान्दा राईन एकता महासम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** आल इन्डिया जमीयतुर राईन के सरपरस्त हाजी इब्राहिम राईन अलीगढ़, सरपरस्त-ए-आला हाजी असलम अहमद राईन लखनऊ, के जेरे सरपरस्ती एव उत्तर प्रदेश जमीयतुर राईन के जेरे एहतिमामं, प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद वसीम राईनी का संचालन तथा आल इन्डिया जमीयतुर राईन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शमशाद आलम राईन की अध्यक्षता में राईन समाज के उत्थान के लिए ऐतिहासिक पसमान्दा राईन एकता महासम्मेलन का उद्देश्य विशेष रूप से जागरूकता, एकजुटता, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षिक (आधुनिक शिक्षा), विधिक, आर्थिक, व्यवसायिक वैवाहिक परिचय आदि है। पसमान्दा राईन एकता महासम्मेलन में बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखण्ड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र राजस्थान, सिक्किम, कर्नाटक से अथिति गणों ने शिरक्त की। अति विशेष अथिति श्री सोहराब अली राईनी पूर्व विधायक कोलकाता, श्री अमीरूद्दीन बॉबी राईनी डिप्टी मेयर कोलकाता, सुश्री कहकशा परवीन रांची पूर्व राज्य सभा सदस्य, शमसुद्दीन राईनी नोएडा, प्रभारी बहुजन समाज पार्टी, हाजी मोहम्मद रमजान राईन पूर्व विधायक श्रावस्ती, मोहम्मद असलम राईन पूर्व विधायक श्रावस्ती, श्री कासिम अली राईन पूर्व विधायक देवरिया, डा० गयासुद्दीन वरिष्ठ सर्जन पटना, डा० कैयूम सर्जन बलरामपुर, विशेष अथिति-मध्य प्रदेश से हाजी हमीद इरशाद भोपाल, शोकीन राईन भोपाल, हाजी अजीज राईन विदिशा, विशेष अथिति-बिहार से मो० शकील राईनी पटना, डा० राहत अली राईनी दरभंगा, आफाक आलम राईनी दरभंगा, डा० फरमान अली राईनी पटना, रियाज अहमद राईनी पटना, असगर राईनी सीतामढ़ी, अकबर राईनी सीतामढ़ी, मो० मोजीब



राईनी मधुबनी, मो० मेराज मधुबनी, ईद मोहम्मद चांद राइनी मधुबनी, विशेष अथिति-चौधरी असलम परवेज राईन दिल्ली, मोहम्मद हनीफ राईन दिल्ली, अनवार उल हई राई दिल्ली, चौधरी फरमान राईन अलीगढ़, अब्दुल अजीज राईन राजस्थान, आमीन राईन अशरफी मुम्बई से अपना अमूल्य समय देकर सम्मेलन को कामयाब बनाया। आज राईन इत्तेहाद कान्फ्रेन्स की जरूरत इस लिए पड़ी कि 2% आबादी वाले लोग एकजुट हो कर सरकार में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चत कर सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा और चिकत्सा के क्षेत्र में अपने समाज का उत्थान कर रहे है, जबकि राईन समाज कसीर तादाद में हेते हुए भी आज तक किसी भी सरकार ने इस समाज की ओर ध्यान नही दिया है। इस महा सम्मेलन में राईन समाज को एकजुट करने के लिए आवान्ह किया गया है ताकि राईन समाज को भारतीय राजनीति में उचित भागीदारी मिल सके। राईन समाज का पुशतैनी कारोबार सब्जी मण्डी, फल मण्डी, गल्ला मण्डी, मछली मण्डी, काश्तकारी एवं बागवानी आदि से जुड़े हुए है परन्तु मौजूदा परिस्थित में हम से हमारा पुशतैनी कारोबार भी छीनने की कोशिश की जा रहा है। राईन समाज जो कि मण्डियों से सम्बन्धित कारेबार में व्यस्त रहती है परन्तु सरकार द्वारा मण्डी के व्यापारियों को किसी भी तरह का सहयोग न देना चिन्ता का विषय है। सरकार से हमारी मांग है कि मण्डी के समस्त व्यापारियों का सरकार द्वारा बीमा सुनिश्चित किया जाय।राईन समाज के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा एव तकनीकी, मेडिकल में राईन समाज के बच्चों को 4% आरक्षण सुनिश्चित किया जाय। चूंकि मुसलिम समाज में राईन समाज की तादाद सर्वाधिक है, राईन समाज की आबादी के अनुसार ही इनको हिस्सेदारी दी जाय। राईन समाज के ज्यादातर लोग सब्जी, फल का ठेला/खुन्चा लगाकर अपना जीवन यापन बहुत कठिनाई से कर पा रहे है, इनके लिये सरकार द्वारा उचित व्यवस्था करते हुए विशेष अनुदान एवं सहयोग की नितान्त आवश्यकता है तथा फल एवं सब्जी मण्डियों में सरकार द्वारा जो दुकाने आवटित की जाती है।

# पहाड़ से भगाकर लाई नाबालिग लड़की नजीबाबाद से बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** टिहरी जनपद के कीर्ति नगर में सैलून का काम करने वाले युवक ने मोबाइल से दोस्ती कर सात महीने के प्रेम प्रसंग में हुई बातों में अपने प्रेम जाल में फंसाकर एक नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने का मामला खूब गमार्या और पुलिस की मौजूदगी में कीर्ती नगर में जमकर बवाल हुआ एक सम्प्रदाय की दुकानों को निशाना बनाया गया और फलों की ठेलियों को पलट दिया गया और दुकानों के बोर्ड तोड़ दिया गया तभी मामला बढ़ता देखकर पुलिस हरकत में आई और दो सम्प्रदाय का मामला होने पर पुलिस ने नजीबाबाद के गांव चौगावां व मौअजमपुर तुलसी में छापा मारकर सलमान व शान को गिरफ्तार



कर लिया वहीं पुरे मामले में स्थानीय निवासी राकेश भट्ट निवासी टिहरी को भी गिरफ्तार किया गया उसी की शह पर सारा मामला प्रकाश में आया है।

# नाला में अटका कूड़ा, सड़कों पर नालियों का पानी ही पानी, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को व स्कूली बच्चों को गंदे पानी में होकर जाने को मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सोमवार को मौहल्ला मंडी तिराहा स्थित नाला में अटका कूड़ा, सड़कों पर नालियों का पानी ही पानी, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को व स्कूली बच्चों को गंदे पानी में होकर जाने को मजबूर होना पड़ा।सफाई के मामले में नगर पालिका लगातार पिछड़ती जा रही है। काफी दिनों से नालों की सफाई न होने के कारण घास मंडी तिराहा का नाला चाक हो गया और दूषित पानी का जल भराव हो गया है। जिससे वहां से निकल रहे हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर नहीं आए हैं। घास मंडी तिराहा शहर के बाजारों



से जुड़ा हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सोमवार की सुबह लाले में अत्यधिक गंदगी होने के कारण जल निकासी न होने से नाला चाक हो गया और सारा दूषित पानी सड़क पर भर गया। सुबह के समय स्कूल जाने वाले छात्रों को भी दूषित पानी से होकर निकलना पड़ा है। ईश्वर चंद्र कौशल, साबिर व अशोक कुमार सहित कई लोगों का आरोप है कई बार सूचना देने के बावजूद नगर पालिका का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं आया है और न ही समस्या का निस्तारण हो पाया है। पिछले कई दिनों से नाला की सफाई भी नहीं हो रही है जिसके कारण नाला में गंदगी ही गंदगी भरी पड़ी है। दोपहर तीन बजे तक भी दूषित पानी भरा हुआ था।

# यूपी में 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद करने का फैसला वंचितों के खिलाफ : प्रियंका गांधी

**लखनऊ (आरएनएस)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और वायनाड से उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने यूपी में 27764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के बंद होने की चर्चा को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने इस फैसले को शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित तबकों के बच्चों के खिलाफ बताया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स में लिखा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। यह कदम शिक्षा के साथ-साथ दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित तबकों के बच्चों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार शिक्षा के अधिकार का कानून लाई थी, इसके तहत व्यवस्था की गई थी कि हर एक किलोमीटर की परिधि में एक प्राइमरी विद्यालय हो, ताकि हर तबके के बच्चों के लिए स्कूल सुलभ हो। कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का मकसद मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि



जनता का कल्याण करना है। भाजपा नहीं चाहती कि कमजोर तबके के बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ हो। इसके पहले इस मुद्दे पर बसपा प्रमुख मायावती भी सरकार को घेर चुकी हैं। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि यूपी सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जरूरी सुधार करके उन्हें बेहतर बनाने के उपाय करने के बजाय उनको बंद कर उनका दूसरे स्कूलों में विलय करने का फैसला उचित नहीं। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे? उन्होंने लिखा, यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बहुत ही बुरा हाल है, इसके कारण गरीब परिवार के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा तो दूर, सही शिक्षा से भी लगातार वंचित हैं। ओडिशा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का भी फैसला अनुचित है। बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा-सरकारों की इसी प्रकार की गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं, गरीबों के हित में स्कूलों को बंद करना ठीक नहीं है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश में 27,764 प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के विलय की चर्चा मीडिया में तेज है। हालांकि शिक्षा विभाग की तरफ से इस पर कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।

**जानकारी**

## जिले में फजीवाड़ा के चलते उन्हें पूरी मजदूरी नहीं मिलती थी इसलिए उन्होंने वहां काम छोड़ दिया

# फर्जी हाजिरी गांव वालों की और काम कर रहे दूसरे जनपद के मजदूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/हरदोई।** राजधानी के सीमावर्ती जनपद हरदोई के विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत किरला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा मैं किस तरह फजीर्वाड़ा किया जा रहा है इसका एक नया कारनामा इस ग्राम पंचायत में देखने को मिला। यहां आज दो जगह पर काम चल रहा दिखाया गया है जिसमें दोनों जगह है कल 75 मजदूरों की उपस्थिति दिखाई गई है जबकि एक स्थान पर मात्र पांच लोग काम कर रहे थे वह भी लखनऊ जनपद के थे हरदोई जनपद का यहां एक भी मजदूर काम नहीं कर रहा था यह बात मजदूरों ने खुद बताई। मजदूरों ने ही बताया कि उनके



जिले में फजीर्वाड़ा के चलते उन्हें पूरी मजदूरी नहीं मिलती थी इसलिए उन्होंने वहां काम छोड़ दिया और पड़ोसी जनपद हरदोई में काम करने के लिए आ गए जहां उन्हें ठेके पर काम दिया जाता है एक दिन में उन्हें 6 मीटर सड़क पर मिट्टी डालनी होती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले वह इस गांव की दूसरी जगह पर भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा इंटरनेट की साइट पर जिस रास्ते पर यह पांच मजदूर काम कर रहे हैं वहां फर्जी मजदूरों की उपस्थिति दिखाई जा रही है तथा दूसरी जगह जहां काम चल रहा है वहां भी 8/10 मजदूर ही दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह अन्य ग्राम पंचायत में भी मजदूरों की संख्या ऑनलाइन अधिक दिखती है लेकिन जो फोटो डाली जाती है उसमें काफी कम दिखाई देती है जिस पर यहां के अधिकारियों को कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता है इसके साथ ही अन्य भ्रष्टाचार के मामलों में भी लीपा पोती करने का हर समय प्रयास किया जाता है।

# छठ पूजा पर्व को हर्सोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु श्रद्धालुओं के लिए कोतवाली देहात के अंतर्गत अड़ौली नहर घाट पर जिलाधिकारी द्वारा लिया गया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।** इस छठ पूजा के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित सम्बंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए गए कि घाट पर साफ सफाई, प्रकाश, पेयजल आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। महिलाओं के लिए पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम बनाए जाने के भी निर्देश भी दिए। घाट पर सुरक्षा के दृष्टिगत गहरे पानी में बैरिकेटिंग, संकेतक लगाने एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिए। छठ पूजा आयोजन समिति के



सदस्यों से भी वार्ता की गई जिस पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा कहा कि प्रशासन को ओर से सभी व्यवस्था कराई जा रही है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 प्रशान्त कुमार, उप जिलाधिकारी सदर नवीन कुमार, ईओ नगर पालिका सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267